चैत्र नवरात्रि
की हार्दिक शुभकामनाएं
मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त
एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी
बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर" जी
के आशीर्वाद से अभिसिंचित एवम् संचालित
एम. के.
बन्धानी हींग
श्री के. एम. डिस्ट्रीब्यूटर

विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज
कानपुर 208001, फोन - 9519456555, 9695416555

## विधि-विधान से सूर्य मन्दिर का ध्वज आरोहण



भगवान सूर्य के मंदिर पर ध्वज आरोहण करते साधु-संत।



राम मंदिर परिसर में स्थित भगवान सूर्य के मंदिर पर लहराता धर्म ध्वज।

**अयोध्या, अमृत विचार** : नवरात्रि अष्टमी पर श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर परिसर स्थित सूर्य मन्दिर पर विधि-विधान पूर्वक ध्वज का आरोहण किया गया। भगवा रंग के इस ध्वज पर ' 'ऊं' ' अंकित है। मन्दिर के प्रवेश द्वार से बाएं परकोटा के नैऋत्य कोण पर स्थित सूर्य मन्दिर के उन्नीस फिट सात इंच ऊंचे ध्वज दंड पर नौ फिट तीन इंच लंबाई (लहर) वाले ध्वज की चौड़ाई (लपेट) चार फिट सात इंच है। ध्वजारोहण समारोह में महंथ वैदेही वल्लभ शरण जी, महंथ देवेंद्र प्रसादाचार्य, महंथ रामचरणदास, जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्रीधराचार्य, स्वामी गोविंद देव गिरि, महंत रामानुजशरण ब्रह्मचारी, ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा, गोपाल नागरकट्टे, एसपी सुरक्षा राम जन्मभूमि बलरामाचारी दुबे, राजकुमार दास, जगदीश आफ़ले, तीर्थ क्षेत्र भवन सह प्रभारी प्रद्युम्न सिंह आदि सम्मिलित रहे।



वीणा के समवेत स्वर से प्रभु श्रीराम की आराधना करतीं संगीत साधिकाएं। अमृत विचार

## वीणा के समवेत स्वरों से झंकृत हुआ श्रीराम मन्दिर

**अयोध्या, अमृत विचार** : वीणा के मधुर समवेत स्वर से गुरुवार को श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर का सम्पूर्ण परिसर झंकृत हो उठा। हैदराबाद के सरकारी संगीत और नृत्य कॉलेज से पधारीं 74 संगीत साधिकाओं ने वीणा के समवेत स्वर से प्रभु श्रीराम की आराधना की। तीर्थ क्षेत्र के आयोजन सहयोगी शैलेन्द्र शुक्ल ने बताया कि प्राचार्य पी .जयालक्ष्मी के नेतृत्व में आईं इन साधिकाओं ने संगीतस्तुति के उपरान्त भगवान श्रीराम का दर्शन-पूजन किया।

## नवम सिद्धिदात्री



मां दुर्गा की नौवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री हैं। ये सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली हैं। नवरात्र पूजन के नौवें दिन इनकी उपासना की जाती है। इस दिन शास्त्रीय विधि-विधान और पूर्ण निष्ठा के साथ साधना करने वाले साधक को सभी सिद्धियों की प्राप्ति हो जाती है। सृष्टि में कुछ भी उसके लिए अगम्य नहीं रह जाता है। देवी सिद्धिदात्री की पूजा से केतु का असर कम होता है।

बीज मंत्र...

**माँ सिद्धिदात्री: ह्रीं क्लीं ऐं सिद्धये नमः**

# राहत, अब रात 12 बजे तक खुले रहेंगे पंप

**शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रत्येक पेट्रोल पंप पर तैनात रहेगा पुलिस बल**

### प्रशासन ने समयावधि दो घंटे बढ़ाई, हाईवे पर पूर्व की भांति 24 घंटे संचालित रहेंगे पंप

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार** : पेट्रोल-डीजल संकट के बीच जिला प्रशासन ने लोगों को सुचारु रूप से आपूर्ति प्रदान कराने के लिए बड़ी राहत दी है। अब जिले में पेट्रोल पंपों का संचालन रात 12 बजे तक होगा। अभी तक नगर व ग्रामीण इलाकों में सुबह छह से रात 10 बजे तक तेल वितरण की व्यवस्था थी, लेकिन अब दो घंटे का समय बढ़ा दिया गया है। वहीं हाईवे पर संचालित होने वाले पंप पूर्व की भांति 24 घंटे संचालित होंगे।

अफवाहों के बीच जिले में फैली अफरातफरी को लेकर गुरुवार को जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने अपने कैंप कार्यालय में डीजल व पेट्रोल आपूर्ति के संबंध में अपर जिला अधिकारी (नगर) योगानंद पांडे, एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी, पुलिस उपाधीक्षक श्रीयश त्रिपाठी, जिला आपूर्ति अधिकारी बृजेश कुमार मिश्रा व तेल कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक की। जिलाधिकारी ने वर्तमान में पेट्रोलियम पदार्थों (डीजल/पेट्रोल) के निर्गमन कार्यों में उत्पन्न समस्याओं को त्वरित गति से निस्तारण कराए जाने के आदेश दिए।

अब पंप पर कार्यरत कर्मचारी उपभोक्ताओं की लाइन लगवाकर पेट्रोलियम पदार्थों का वितरण करेंगे। जनता को जागरूक करने के लिए पब्लिक एड्रेस सिस्टम का उपयोग किया जाएगा। पम्प पर उपलब्ध स्टॉक की स्थिति व आने वाले ऑयल टैंकरों के सम्बन्ध में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को ये निर्देश दिये जाएं कि तेल की कमी के सम्बन्ध में कोई गलत अफवाह जनता में प्रचार-प्रसार न हो सके। यदि कोई कर्मचारी गलत अफवाह फैलाने का दोषी पाया जाता है तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रत्येक पेट्रोल पंप पर पुलिस बल की व्यवस्था की जायेगी। जिसका समय-समय पर निरीक्षण सम्बन्धित क्षेत्र के चौकी/थाना प्रभारी द्वारा किया जाएगा।

**कम हो रहा अफवाहों का असर, लेकिन नहीं टूट रही लोगों की भीड़**



अंगूरी बाग स्थित पेट्रोल पंप पर जुटी लोगों की भीड़ व मौके पर मौजूद नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय। अमृत विचार

### समस्त पंप संचालक डिपो को करेंगे अग्रिम धनराशि का भुगतान

अब से पेट्रोल पंपों पर बैनर/ सूचना पट्ट लगाया जायेगा, जिस पर आने वाले तेल टैंकरों की स्थिति प्रदर्शित की जाएगी। उपलब्ध स्टॉक का स्पष्ट प्रदर्शन किया जाएगा। डीजल/पेट्रोल का बोर्ड लगाकर ही टैंकर अनलोड किया जाएगा। जिले के समस्त पेट्रोल पम्प समय से अग्रिम धनराशि का भुगतान ऑयल डिपो पर करेंगे। जिससे उनको ऑयल डिपो से मिलने वाले आगामी ऑयल टैंकरों में कोई व्यवधान उत्पन्न न हो। कोई भी पेट्रोल पंप डिब्बो व ड्रमों में पेट्रोलियम पदार्थों का वितरण नहीं करेंगे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कर दिया है कि संबंधित आदेश का सख्ती से अनुपालन हो। अनुपालन न करने वाले के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### डीएम ने फिर की अपील, अनावश्यक भीड़ न लगाएं

अफवाहों के बीच पेट्रोल-डीजल की मारामारी को देखते हुए जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने गुरुवार को एक बार फिर लोगों से अपील की है कि है पैनिक न हों। पेट्रोल पंपों पर अनावश्यक भीड़ न लगाएं। जिले में पेट्रोल-डीजल की किल्लत नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पेट्रोल की प्रतिदिन खपत 538 केएल लीटर है। उपलब्धता 773 केएल लीटर है, यानी जरूरत से ज्यादा स्टॉक मौजूद है। डीजल की प्रतिदिन खपत 671 केएल लीटर है। उपलब्धता 1015 केएल लीटर है, जो खपत से काफी अधिक है। लोगों कहा है कि जरूरत के अनुसार ही पेट्रोल-डीजल भरवाने के लिए पंप पर पहुंचें। स्थिति पूरी तरह सामान्य है।

## पंपों पर लगी रही लाइन, पुलिस की मौजूदगी में बंटा तेल





आरटीओ ऑफिस के निकट पंप पर लगी वाहनों की कतार एवं सिविल लाइन्स में पंप से डिब्बों में तेल भराकर ले जाता दिखा बाइक सवार।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : अफवाहों का असर अब धीरे-धीरे कम होने लगा है, लेकिन पंपों पर तेल लेने वाले लोगों की भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही है, गुरुवार को भी पंपों पर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें देखी गईं। कई पंपों पर पेट्रोल-डीजल खत्म होने के नोटिस चस्पा कर दिए गए, जिससे लोगों में अफरा-तफरी रही। पुलिस को स्थिति नियंत्रित करने के लिए कई जगहों पर तैनात होना पड़ा। देवकाली स्थित एक पंप पर तो एक ग्राहक को 200 रुपये से अधिक का पेट्रोल नहीं दिया गया। रामनगर और नाका चुंगी वाले पंपों पर दोपहर बाद तक तेल की आपूर्ति नहीं हो सकी। सुबह से बंद वजीरगंज का पंप दोपहर बाद संचालित हुआ। हाईवे स्थित पंपों पर हालांकि कोई खास दिक्कत नहीं रही, लेकिन नगर क्षेत्रों के पंपों पर भीड़ ज्यादा उमड़ी रही। जिला आपूर्ति अधिकारी बृजेश मिश्रा ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और घबराने की बजाय सामान्य व्यवहार करने की अपील की। पुलिस ने संवेदनशील पंपों पर बैरिकेडिंग कर भीड़ को नियंत्रित किया और व्यवस्थित तरीके से ईंधन बांटा। अफवाहों के कारण अचानक मांग बढ़ने से जिले में मंगलवार और बुधवार को कुछ पंपों पर अस्थायी दबाव पड़ा, अफरातफरी की स्थिति रही, गुरुवार से स्थिति अब सामान्य होने लगी है।

### एसडीएम सदर ने किया निरीक्षण

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार** : एसडीएम सदर राम प्रसाद त्रिपाठी व सीओ सदर अरविंद सोनकर ने श्रीपति फिलिंग स्टेशन मडना पूराबजार का निरीक्षण कर पेट्रोल और डीजल के वितरण का जायजा लिया। एसडीएम सदर ने बताया कि तेल वितरण नियमानुसार किया जा रहा है। उन्होंने पेट्रोल पंप के मालिक अजितेंद्र प्रताप सिंह सिंह को निर्देश दिया कि पंप पर पंक्तिबद्ध होकर लोग मशीन तक पहुंचें। सीओ सदर अरविंद सोनकर ने कहा कि तेल वितरण के समय सूचना पर उचित पुलिस बल तैनात किया जाएगा। थाना अध्यक्ष महाराजगंज राजेश सिंह पुलिस टीम के साथ मौजूद थे।



श्रीपाद फिलिंग स्टेशन पूरा बाजार पर ग्राहकों से बात करते हुए एसडीएम सदर राम प्रसाद त्रिपाठी व सीओ सदर अरविंद सोनकर। अमृत विचार

### घर से ट्रैक्टर लाने-जाने में दो लीटर डीजल खर्च

**बीकापुर, अयोध्या। अमृत विचार** : बीकापुर जाना बाजार मार्ग पर तेंदुआ माफी में गुरुवार को डिब्बा लेकर डीजल लेने आए तमाम किसान मायूस होकर लौट गए। कई लोग तो दोबारा घर जाकर अपना ट्रैक्टर लेकर आए फिर भी 500 तक ही डीजल दिया गया। कई किसानों ने बताया कि वह पांच से 10 किलोमीटर दूर से अपना ट्रैक्टर लेकर डीजल लेने आए हैं। दो लीटर तो आने-जाने में खर्च हो गया अब सिर्फ सीमित मात्रा में लीटर डीजल दिया गया है, कैसे काम चलेगा। ऐसे में वह अपना डीजल इंजन और पंपसेट लेकर पेट्रोल पंप पर कैसे आएंगे जिससे उन्हें डीजल मिल सके।

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल

**बीकापुर, अयोध्या, अमृत विचार।** कोतवाली बीकापुर क्षेत्र में बृहस्पतिवार को हुए दो अलग-अलग सड़क हादसे में दो युवक घायल हो गए। सड़क पर अचानक जानवर आ जाने से टकराकर नसिरपुर मूसी निवासी बाइक चालक सोमनाथ (40) घायल हो गया। वहीं जानवरों से बचाव के लिए खेत में लगाए गए तार से उलझकर बाइक पलटने से जलालपुर माफी निवासी बाइक चालक शिवकुमार (36) घायल हो गया। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### दो अपराधियों की खुली हिस्ट्रीशीट

**अयोध्या।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर ने थाना गोसाईगंज के दो अपराधियों को दुराचारी घोषित करते हुए उनके आपराधिक इतिहास के अनुरूप (अ) प्रकार की हिस्ट्रीशीट खोलने के निर्देश दिए हैं। अपराधी चंद्रप्रकाश वर्मा व आयुष वर्मा निवासी काजीपुर गाडर थाना गोसाईगंज के खिलाफ 10 से अधिक मुकदमें दर्ज हैं।

### वरासत में पुत्री का नाम दर्ज न करने का आरोप

**बीकापुर, अयोध्या।** तहसील बीकापुर में मां की मृत्यु के बाद राजस्व लेखपाल ने बगैर स्थलीय जांच के वरासत में मृतका के पुत्र का नाम दर्ज करने व अविवाहित पुत्री का नाम नहीं दर्ज करने का आरोप है। पीड़िता तहसील क्षेत्र के राजस्व गांव सेमरा निवासी अंजलि पुत्री झब्बू ने उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया है कि उनकी माता जुगुरा के नाम सतना गांव में संक्रमणीय भूमधारी के रूप में खतौनी दर्ज है। उनकी माता की मृत्यु हो गई है। मां की मौत के बाद तहसील कर्मियों द्वारा बगैर जांच किए मनमाने ढंग से वरासत कर दिया गया है। बताया कि वह अभी अविवाहित हैं ऐसे में उनका भी नाम वरासत के बाद सह खातेदार के रूप में खतौनी में दर्ज होना चाहिए था। वह एक महीने से तहसील की चक्कर काट रही है किंतु अभी तक उनका नाम खतौनी में दर्ज नहीं हो सका है।

### दिल्ली कूच की तैयारी में जुटे शिक्षक

**अयोध्या, अमृत विचार** : टीईटी के विरोध में शिक्षकों ने अब दिल्ली कूच की तैयारी शुरू कर दी है। इसे लेकर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ-ब्लॉक पूरा की बैठक कम्पोजिट विद्यालय दर्शननगर में हुई। जिलामंत्री डॉ. चक्रवर्ती सिंह ने कहा कि टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा चार अप्रैल को दिल्ली के रामलीला मैदान में रैली होगी। इसमें जिले से बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल होंगे। संचालन ब्लॉक अध्यक्ष सत्येंद्र गुप्ता ने किया। बैठक में संघर्ष समिति के अध्यक्ष अनिल सिंह, ब्लॉक मंत्री सुमित सिंह, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार, संचराज वर्मा, कौशलेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

## श्रद्धालुओं की सेवा में लगाया शिविर



अग्रवाल भवन ट्रस्ट द्वारा आयोजित शिविर में मौजूद चंपत राय व अन्य।

**अयोध्या, अमृत विचार:** प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी मेले में गुरुवार को अग्रवाल भवन ट्रस्ट देवकाली से श्रीराम चिकित्सालय के प्रशासनिक अधिकारी यश प्रकाश सिंह के संयोजन में अस्पताल गेट पर श्रद्धालुओं के लिए पानी की बोतल, ओआरएस, पेठा और मिठाई वितरित की गई। उद्घाटन श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने किया। अग्रवाल भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल और महामंत्री अरुण कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर तपसी छावनी के महंत परमहंस, सीएमओ डॉ. देवेंद्र कुमार, सीएमएस डॉ. वीके वर्मा, मो. इकबाल अंसारी आदि मौजूद रहे। भवदीय आयुष संस्थान की नर्सिंग की छात्राओं ने सहयोग किया।

# वर्ष 2017 में 1.78 तो 2025 में 30 करोड़ लोग आए रामनगरी

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार** : श्रीराम जन्मभूमि नौ वर्षों में धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में वैश्विक केंद्र बनकर उभरी है। आंकड़ों के अनुसार योगी सरकार के नेतृत्व में वर्ष 2017 में करीब 1.78 करोड़ श्रद्धालु आए थे। वहीं 2025 में करीब 30 करोड़ श्रद्धालु व पर्यटक अयोध्या पहुंचे हैं। अयोध्या विश्व के सबसे बड़े धार्मिक पर्यटन स्थलों में शुमार हो गई। जहां विदेशी पर्यटकों की संख्या भी बढ़ रही है। अमेरिका, जापान, रूस आदि देशों से पर्यटक आ रहे है।

अयोध्या नगरी आधुनिक सुविधाओं से लैस हो रही है। बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छ पेयजल, डिजिटल पेमेंट सिस्टम और ऑनलाइन दर्शन बुकिंग जैसी सुविधाएं श्रद्धालुओं को सहज अनुभव दे रही हैं। श्री राम जन्मभूमि मंदिर के अलावा हनुमान गढ़ी, कनक भवन, नया घाट, राम की पैड़ी आदि धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण किया गया है। वहीं आधुनिक सुविधाओं से लैस रोशनी, साफ-सफाई, सीसीटीवी निगरानी और बेहतर यातायात व्यवस्था ने श्रद्धालुओं के अनुभव को और बेहतर बनाया है।

होटल और आवास सुविधाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है। छोटे-बड़े होटल, गेस्ट हाउस, धर्मशालाएं और लग्जरी रिसॉर्ट्स की संख्या में भारी बढ़ोतरी हुई है। टाटा समूह सहित कई बड़े निवेशक यहां निवेश कर रहे हैं। पहले जहां सीमित सुविधाएं उपलब्ध थीं, अब आधुनिक एसी कमरे, रेस्तरां, वाई-फाई और अन्य सुविधाओं से युक्त होटल श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रहे हैं। पर्यटन विभाग के अनुसार, बढ़ते पर्यटकों की मांग को देखते हुए आवास क्षमता कई गुना बढ़ाई गई है, जिससे कोई भी श्रद्धालु बिना ठहरने की चिंता के अयोध्या आ सके।

### व्यापार में मुनाफा, रोजाना हजारों की बिक्री

स्थानीय व्यापारी ओम प्रकाश राम की पैड़ी के पास एक प्रसाद और स्मृति चिन्ह की दुकान है। बताते हैं कि पहले मुश्किल से 200-300 रुपये का कारोबार होता था। अब राम मंदिर के बाद रोज हजारों रुपये का बिक्री हो रही है। पर्यटकों की भीड़ से हमारी आय कई गुना बढ़ गई है। छोटा गेस्ट हाउस चलाने वाले स्थानीय निवासी राजेश कुमार ने कहा कि मंदिर बनने से पहले हमारे यहां खाली कमरे पड़े रहते थे। अब तो बुकिंग महीनों पहले हो जाती है। विदेशी पर्यटक भी आ रहे हैं, जो हमारी संस्कृति देखकर बहुत खुश होते हैं। सरकार की योजनाओं से हमें ट्रेनिंग और लोन मिला, जिससे हमने अपना व्यवसाय बढ़ाया।

### बढ़े स्थानीय रोजगार के नए अवसर

धार्मिक पर्यटन ने अयोध्या की अर्थव्यवस्था को नई मजबूती दी है। स्थानीय लोगों को होटल, रेस्तरां, परिवहन, गाइड, हस्तशिल्प, प्रसाद और स्मृति चिन्ह बिक्री जैसे क्षेत्रों में रोजगार मिल रहा है। अनुमान है कि पर्यटन से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लाखों लोगों को रोजगार के नए अवसर प्राप्त हो रहे है। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था सशक्त हुई है।

### पर्यटन से करोड़ों राजस्व पहुंचने का अनुमान

अयोध्या की अर्थव्यवस्था पर्यटन, आस्था और होटल उद्योग पर आधारित हो गई है। अनुमान है कि आने वाले वर्षों में पर्यटन राजस्व हजारों करोड़ तक पहुंच सकता है। यह विकास न केवल स्थानीय स्तर पर बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति दे रहा है। योगी सरकार की दूरदर्शी नीतियों, बेहतर कानून व्यवस्था और निरंतर विकास कार्यों ने अयोध्या को एक नई पहचान दी है। बढ़ते श्रद्धालुओं की संख्या और विकास कार्यों से स्पष्ट है कि भगवान श्रीराम की नगरी भविष्य में और अधिक चमकने वाली है। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह विकास यात्रा निरंतर आगे बढ़ रही है।

**मेडिकल कॉलेज** | **नौ सदस्यीय कमेटी ने निरीक्षण कर प्राचार्य को सौंपी रिपोर्ट**

# 110 बेड का भवन हैंडओवर, ट्रॉमा के उद्घाटन का इंतजार

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार** : दर्शन नगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में लगभग 33 करोड़ की लागत से नवनिर्मित 110 बेड के ट्रॉमा सेंटर का तीन मंजिला भवन बनकर तैयार हो गया है। उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम ने कॉलेज प्रशासन को यह भवन हैंडओवर कर दिया है। इसके लिए चिकित्सालय के डॉक्टरों, इंजीनियर की नौ सदस्यीय टीम बनाई थी। टीम ने निरीक्षण के बाद अपनी रिपोर्ट प्राचार्य को सौंप दी। अब यह भवन चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधीन आ गया है। उद्घाटन की तिथि अभी घोषित नहीं हुई है, लेकिन साज-सज्जा के लिए फर्नीचर व संसाधनों को जुटाने का कार्य तेज हो गया है।



मेडिकल कालेज में ट्रामा सेंटर का नवनिर्मित भवन। अमृत विचार

110 बेड के अत्याधुनिक ट्रॉमा सेंटर संचालन के बाद अयोध्या के निवासियों और श्रद्धालुओं को एक ही छत के नीचे सभी आकस्मिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी। जिसमें 50 बेड का ट्रॉमा सेंटर और 60 बेड का इमरजेंसी मेडिसिन विभाग शामिल है। इस सुविधा के शुरू होने से गंभीर मरीजों को लखनऊ या अन्य बड़े शहरों में रेफर करने की आवश्यकता कम होगी। नए ट्रॉमा सेंटर में एक्स-रे, सीटी स्कैन, ऑपरेशन थिएटर, आईसीयू, और अन्य आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी। जिससे मरीजों को त्वरित और प्रभावी उपचार मिल सकेगा। इसका निर्माण राजकीय निर्माण निगम ने किया है। इसके निर्माण के बाद भवन को हैंडओवर लेने के लिए कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. डीएस मर्तोलिया ने सीएमएस डॉ. अरविंद सिंह की अध्यक्षता में नौ सदस्यीय टीम का गठन किया था। डॉ. अरविंद सिंह ने गुरुवार को बताया कि हमारी टीम ने भवन का निरीक्षण करने के उपरांत प्राचार्य को रिपोर्ट सौंप दी थी। सब कुछ ठीक ठाक मिला है। उद्घाटन से पहले संसाधनों को एकत्रित किया जाएगा।

# हत्या व जानलेवा हमले के मामले में सात दोषी करार

- **सजा पर सुनवाई 30 को, फास्ट ट्रैक कोर्ट ने दिया फैसला**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** बीकापुर कोतवाली में जमीन के विवाद में लाठी-डंडा तथा लोहे की रॉड से हमला करके युवक की हत्या कर देने के मामले में कोर्ट ने सात आरोपियों को दोषी पाते हुए न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया। सजा के प्रश्न पर सुनवाई 30 मार्च को होगी। फैसला अपर जिला जज फास्ट ट्रैक कोर्ट रवि कुमार गुप्ता की अदालत से गुरुवार को हुआ।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता श्रीधर मिश्रा व वादी के अधिवक्ता सईद खान ने बताया कि घटना 2 अगस्त 2022 की है। हैबतपुर कोतवाली अयोध्या के रहने वाले राजकुमार वर्मा बीकापुर कोतवाली के सेमरा स्थित अपने खेत की जुताई करने गए थे। विपक्षी अजय, अरविंद कुमार वर्मा ,अनिल ,मायाराम, सोनू, भारत, रवि शंकर, मुकेश व रीता वर्मा तथा गीता वर्मा लाठी-डंडा तथा लोहे की रॉड से लैस होकर पहुंचे और राजकुमार वर्मा के ऊपर हमला कर दिया। तब तक मारते रहे जब तक उसकी मौत नहीं हो गई। इसकी रिपोर्ट मृतक के लड़के उदयभान ने उपरोक्त सभी लोगों तथा दो महिलाओं के खिलाफ लिखाई थी। विवेचना के बाद पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया। दौरान मुकदमा आरोपी मायाराम की मौत हो गई। इसलिए उसके खिलाफ मुकदमा समाप्त कर दिया गया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने सभी सात आरोपियों को हत्या बलवा जानलेवा हमला का दोषी पाते हुए जेल भेज दिया जबकि दो महिलाओं रीता और गीता को दोष मुक्त कर दिया।

न्यूज ब्रीफ

### चैत्र राम नवमी मेले में ड्यूटी पर डट गए अफसर

**अयोध्या, अमृत विचार :** चैत्र रामनवमी मेले को लेकर मजिस्ट्रेट ड्यूटी पर डट गए। कमान संभाल ली। शांति, सुरक्षा के साथ नागरिक सुविधाओं पर नजर पैनी है। आने जाने वालों को राह दिखाने के साथ व्यवस्था पर भी नजर है। जिला प्रशासन ने मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ के मद्देनजर मेला क्षेत्र को सुपर जोन, जोन और सेक्टर में बांटा गया है। मजिस्ट्रेटों के साथ पुलिस के अफसर लगाए गए। जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे ने कहा कि व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा चुका है। प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की आवाजाही पर नजर रखी जा रही है। कंट्रोल रूम से निर्देश जारी किए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं के लिए छाया पेयजल के साथ अन्य व्यवस्थाएं की गई हैं।

### एनएसएस शिविर में हुआ ध्यान व योगाभ्यास



**अयोध्या, अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय अयोध्या के आवासीय परिसर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम के विशेष शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेवकों द्वारा ध्यान, प्रार्थना सभा एवं योगाभ्यास किया गया। डाभासेमर में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों ने ग्रामवासियों को विकसित भारत 2047 के बारे में जागरूक कराया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार सिंह व डॉ. प्रभात सिंह ने दीनदयाल अंत्योदय योजना के विषय में अवगत कराया। इस मौके पर सीमा तिवारी, प्रशांत सिंह, रुचि पांडेय, श्रेया तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### डिजिटल व्यवस्था में मवई सीएचसी अव्वल

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत अयोध्या कमिश्नरी में सीएचसी मवई ने डिजिटल व्यवस्था लागू करने में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य रितु माहेश्वरी ने सीएचसी अधीक्षक डॉ. मदन बनरवाल को अवार्ड प्रदान किया। एक होटल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अपर निदेशक अयोध्या मंडल डॉ. बीके सिंह चौहान, सीएमओ डॉ. देवेंद्र कुमार भिटौरिया व नोडल डॉ. पीसी भारती सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत अब मरीजों का एक रुपये का पर्चा आधार कार्ड से लिंक कर आभा आईडी के माध्यम से बनाया जाएगा। मवई सीएचसी में यह व्यवस्था पूरी तरह ऑनलाइन होगी। पर्चा बनते ही सीधे डॉक्टर के पास पहुंचेगा, परामर्श के बाद वही पर्चा फार्मासिस्ट तक जाएगा, जहां से मरीजों को दवा उपलब्ध कराई जाएगी।

# रामनवमी आज, बाहरी वाहनों के प्रवेश पर रोक

## रामपथ पर दो पहिया वाहन भी प्रतिबंधित, गलियों में लगे बैरियर गिरे

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** रामनवमी के पावन पर्व पर अयोध्या सुरक्षा के अभेद किले में तब्दील हो गई है। भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव को भव्य रूप से मनाने के लिए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद कर दिया है। स्नान घाटों, प्रमुख मठ-मंदिरों और राम मंदिर परिसर सहित पूरे शहर को बहुस्तरीय सुरक्षा घेरे में रखा गया है। हाईवे पर भारी वाहनों का, अयोध्या धाम में बाहरी वाहनों का व रामपथ पर टेढ़ी बाजार से लता चौक तक दो पहिया वाहनों के प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है।

रामनवमी पर्व को लेकर लाखों श्रद्धालु अयोध्या पहुंच चुके है, रातभर आने का क्रम भी जारी रहा। इसको देखते हुए सरयू नदी के स्नान घाटों पर सुरक्षा सख्त कर दी गई है। अर्धसैनिक बलों के जवान तैनात हैं, जबकि जल पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पीएसी की बाढ़ राहत दल भी अलर्ट मोड पर हैं। घाट क्षेत्र में भीड़ नियंत्रण के लिए बैरिकेडिंग की गई है। हनुमानगढ़ी, नागेश्वरनाथ, कनक भवन समेत अन्य प्रमुख मंदिरों पर अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती कर दी गई है। रामपथ पर भी चप्पे-चप्पे पर अर्धसैनिक बल व पुलिस के जवानों के साथ यातायात पुलिसकर्मियों की तैनाती कर दी गई है।

भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने गुरुवार से ही अयोध्या धाम में बाहरी वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण रोक लगा दी है। रामपथ पर टेढ़ी बाजार से लता चौक होते हुए धर्मपथ पर साकेत पेट्रोल पंप बैरियर तक दो पहिया वाहनों के चलने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। रामपथ से जुड़ने वाले गलियों के मार्ग पर लगे बैरिकेडिंग गिरा दिए गए हैं। मंडलायुक्त राजेश कुमार, डीआईजी सोमेन वर्मा, जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी, एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी समेत प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी देर रात तक मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखते रहे।



लता चौक पर सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे, एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर व अन्य। अमृत विचार

> श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सर्वोपरि है। सुरक्षा व यातायात को लेकर मेला क्षेत्र को जोन व सेक्टरों में बांटकर मजिस्ट्रेट व सुरक्षा अधिकारियों को तैनात कर दिया गया है। बाहर से आ रहे वाहनों को स्थायी व अस्थायी पार्किंग में रोका जा रहा है। यलो जोन में बने कंट्रोल रूम से मेला क्षेत्र में लगे सीसीटीवी के माध्यम से व ड्रोन से निगरानी की जा रही है। -डॉ. गौरव ग्रोवर, एसएसपी।

### रामनवमी पर कुंभ जैसी व्यवस्था लागू

रामनगरी में चल रहे राम नवमी मेले में बृहस्पतिवार को पांच लाख से अधिक श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे। जहां उन्होंने सरयू नदी में स्नान कर हनुमान गढ़ी और राम मंदिर में दर्शन पूजन किया। सुबह से ही मंदिर के बाहर श्रद्धालुओं की लंबी कतार रहीं। इस दौरान भीड़ को देखते हुए रामपथ पर कुंभ की तर्ज पर श्रद्धालुओं के आने जाने की व्यवस्था को लागू किया गया। जिसमें श्रद्धालु सरयू घाट से स्नान कर रामपथ पर सड़क के पश्चिमी दिशा से हनुमान गढ़ी और राम मंदिर तक पहुंचे रहे हैं। दर्शन कर पूरबी दिशा से सड़क पर बाहर जा रहे हैं।

### राम भक्तों में वितरित होगा तीन लाख राजगिरा लड्डू

ट्रस्ट के व्यवस्था प्रभारी गोपाल जी राव ने बताया किश्री राम जन्मोत्सव के लिए महाराष्ट्र से तीन लाख राजगिरा का लड्डू पहुंचा है। जिसे आने श्रद्धालुओं में वितरित किया जाएगा, अगर कम पड़ेगा तो हमारे पास और भी प्रसाद बने हुए है। बड़ी संख्या में प्रसाद की व्यवस्था है।

**श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में सुबह 5 बजे से शुरू होगा दर्शन**

## श्रीराम के जन्मोत्सव पर फूलों से सजे मंदिर, गूंज रही बधाइयां

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव पर मठ-मंदिर फूलों से सज धज कर तैयार हो गये हैं। गर्भगृह तक बधाइयां गूंजने लगी है। अब भक्तों को प्रभु के आने का इंतजार है। आज शुक्रवार को रामनवमी पर सुबह से ही राम मंदिर समेत अन्य स्थानों में भगवान के अभिषेक, श्रृंगार, आरती के आयोजन शुरू हो जाएगा। दोपहर 12 बजे शंख नाद व भजन से पूरी नगरी आह्लादित हो जाएगी। आयोजन में शामिल होने के लिए गुरुवार को ही लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच गये है। श्रीराम जन्मोत्सव को लेकर राम मंदिर में विशेष आयोजन 19 मार्च से चल रहे हैं। मंदिर के गर्भगृह में पुजारी की मौजूदगी में भगवान श्री राम के प्रतीकात्मक जन्मोत्सव का आयोजन संपन्न किया जाएगा। राम मंदिर के ट्रस्ट विशेष आमंत्रित सदस्य, राम मंदिर दर्शन व्यवस्था के प्रभारी गोपाल जी राव ने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में सुबह 5 बजे से दर्शन शुरू होगा।सुबह 10 बजे से अभिषेक शुरू होगा। दोपहर 12 बजे आरती होगी 56 भोग लगेगा और उसके साथ भगवान के माथे पर सूर्य का तिलक होगा। शाम को बधाई गीत शुरू रहेगा। कहा कि राम जन्मभूमि मंदिर में जन्मोत्सव को खास तैयारी की गई है। अस्थाई मंदिर को फूलों से सजाया गया है। रामलला के मुख्य पुजारी बताते हैं कि भगवान श्री राम के साथ भरत, लक्ष्मण,शत्रुहन के नए वस्त्र बनाये गए हैं। जो हल्के पीले रंग के हैं। इन वस्त्र को गोटों से सजाया गया है। जिन्हें सुबह पंचामृत से अभिषेक स्नान के बाद पहनाया जाएगा। उसके बाद भव्य आरती-पूजन कर चार प्रकार की पंजीरी, पंचामृत, पेड़ा और फल का भगवान को भोग लगाया जाएगा। और प्रसाद भक्तों में वितरित किया जाएगा। वहीं राम नवमी के अवसर पर मंदिरों में जन्मोत्सव पर आस्था भाव में श्रद्धालु झूम रहे है। प्राचीन कनक भवन, जानकी महल, राम वल्लभा कुंज, मणिराम दास छावनी, बड़ा भक्त महल, राम हर्षण कुंज, विभूति भवन, सद्गुरु सेवा सदन, लक्ष्मण किला, दशरथ भवन सहित दर्जनों मठ मंदिरों में श्री राम जन्मोत्सव को लेकर श्रीराम कथा, रामलीला व सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन भी किए जा रहे हैं। दशरथ महल के महंत विंदुगद्दाचार्य देवेंद्र प्रसादाचार्य बताते हैं कि भगवान का जन्म उत्सव बहुत ही आनंदमय वातावरण में मनाया जा रहा है। मंदिरों में आने वाले श्रद्धालु बड़े उत्साह के साथ भगवान के भजन गा रहे हैं नाच रहे हैं।



रंग बिरंगी झालरों से सजा श्रीराम जन्मभूमि पथ का प्रवेश द्वार।



हनुमानगढ़ी मंदिर में श्रद्धालुओं की लगी लंबी कतार।

## धार्मिक यात्रा पर हूं आज राजनीति की कोई बात नहीं : दिग्विजय

अयोध्या कार्यालय।

- बोले, पूर्व मुख्यमंत्री व सांसद, कहा- मंदिर निर्माण में 1.11 लाख का सहयोग मैं ने भी किया

**अमृत विचार:** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व सांसद दिग्विजय सिंह गुरुवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने राम मंदिर में राम लला के साथ अन्य मंदिरों में दर्शन-पूजन किया। इससे पहले महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि धार्मिक यात्रा पर हूं आज राजनीति की कोई बात नहीं।

कहा कि रामनवमी पर अयोध्या आना उनका सौभाग्य है। देशवासियों के सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना करेंगे। राम मंदिर विरोध के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि राम मंदिर निर्माण में उन्होंने 1.11 लाख रुपये का सहयोग दिया। एयरपोर्ट से वह श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पहुंचे, यहां पूजन अर्चन किया। श्री हनुमानगढ़ी पर जाकर बजरंगबली का दर्शन किया। महंतजी से आशीर्वाद लिया। उन्हें वहां का चित्र प्रदान किया गया। कनक भवन में भी दर्शन-पूजन किया। अयोध्या में दर्शन पूजन के बाद सांसद ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व सांसद डॉक्टर निर्मल खत्री से मिलने फैजाबाद बजाजा स्थित उनके आवास पर पहुंचे। श्री खत्री इन दिनों बीमार चल रहे हैं। उनका हाल-चाल लिया। काफी देर उनके साथ बैठे। उनके साथ पुराने संस्मरण याद किए। यहां कार से वह लखनऊ के लिए निकले। कांग्रेस जिलाध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा कि पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह से यूपी में पार्टी की नीतियों और पार्टी को मजबूत बनाने की दिशा में भी विचार विचार विमर्श हुआ। पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपील कि गांव गरीब की सेवा करके आम लोगों को कांग्रेस से जोड़कर राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खडगे के नेतृत्व में पार्टी को मजबूत करना होगा। कार्यक्रम में उनके साथ महिला जिला अध्यक्ष नाजिम फातिमा, महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम, पूर्व जिलाध्यक्ष रामदास वर्मा, शैलेंद्रमणि पांडे, महेश वर्मा सहित अन्य लोग थे।



हनुमानगढ़ी में दर्शन पूजन के बाद स्मृति चिंह्न प्राप्त करते दिग्विजय सिंह।

### राममंदिर सबका, सभी नेताओं को आना चाहिए : सूर्या

- बोले, भाजपा युवा मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष
- रामलला का किया दर्शन-पूजन

**अयोध्या, अमृत विचार :** भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या गुरुवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने श्री राम मंदिर में रामलला का दर्शन पूजन किया। उनके साथ परिवार के लोगों के साथ भाजपा कार्यकर्ता भी थे। मध्य प्रदश के पूर्व सीएम व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह के दौरे पर बोले कि राम मंदिर सभी का है, सभी नेताओं को दर्शन के लिए आना चाहिए। कहा कि रामलला के दर्शन करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। राम और कृष्ण के आदर्शों को देश की एकता का आधार बताया। पिछली यात्रा की तुलना में मंदिर को अधिक भव्य और विकसित बताया।

### श्रीराम कथा से पहले निकली कलश यात्रा



**हैदरगंज, अयोध्या, अमृत विचार।** हैदरगंज क्षेत्र के केलालाल खां चौबेपुर में आयोजित नौ दिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा से पहले निकली कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला-पुरुषों ने भाग लिया। हैदरगंज हनुमानगढ़ी से कलश यात्रा वापस होकर चौबेपुर कथा स्थल पर पहुंची। चार किमी. लंबी कलश यात्रा के दौरान शांति सुरक्षा व्यवस्था के लिए हैदरगंज पुलिस तैनात रही। कथा संयोजक इं. रोहित कुमार चौबे ने बताया कि मुख्य यजमान अशोक कुमार चौबे व अंतिमा चौबे है। प्रयागराज से पधारे कथा वाचक शिवम शुक्ला है। इस दौरान महेंद्र मिश्रा, केके तिवारी, राहुल कुमार चौबे, धीरेंद्र दुबे समेत अन्य मौजूद रहे।



भगवान के प्रतिरूपों को माला पहनाते विधायक वेद प्रकाश गुप्ता। अमृत विचार

### रामनवमी पर निकली शोभायात्रा, विधायक ने किया शुभारंभ

**अयोध्या, अमृत विचार :** श्रीरामनवमी के पावन अवसर पर नाका मनकामेश्वर मंदिर से गुरुवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभायात्रा का शुभारंभ नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता एवं हनुमान जी के प्रतिरूपों की आरती उतारकर किया। विधायक ने कहा कि "रामनवमी का पर्व हमें भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा, सत्य और कर्तव्य का अनुसरण करने की प्रेरणा देता है। हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व महानगर अध्यक्ष शम्भूनाथ जायसवाल के संयोजन में आयोजित इस शोभायात्रा में आगे चल रहे डीजे पर बज रहे भजनों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। वाराणसी से आए कलाकारों द्वारा प्रस्तुत भगवान शिव की आकर्षक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं, जिन्हें लोगों ने खूब सराहा। इस दौरान भाजपा मीडिया प्रभारी अमित मिश्र, रीना द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष रवि सोनकर, करणी सेना के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सनी सिंह, संजय सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## जिले में 10 लाख से अधिक के गोल्डन कार्ड जारी

अयोध्या कार्यालय

- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से 86 हजार से अधिक माताओं को लाभ

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) के तहत अयोध्या में अप्रैल 2017 से मार्च 2026 तक 10,17,102 से अधिक गोल्डन कार्ड जारी किए गए हैं। इनके माध्यम से पात्र परिवारों को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक का निशुल्क इलाज की सुविधा मिल रही है। गंभीर बीमारियों के इलाज में अब गरीब परिवारों को आर्थिक बोझ नहीं उठाना पड़ रहा है।

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ करने के लिए 301 आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित किए गए हैं। इन में सामान्य बीमारियों का उपचार, गैर-संचारी रोगों की स्क्रीनिंग, मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, टीकाकरण और वृद्धजनों की देखभाल जैसी सुविधाएं एक छत के नीचे उपलब्ध हैं। माताओं और शिशुओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत अप्रैल 2017 से मार्च 2026 तक 86,165 से अधिक लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया है। गर्भवती महिलाओं को पोषण सहायता, प्रसव पूर्व जांच और आर्थिक सहयोग से मातृ मृत्यु दर कम हुई है तथा स्वस्थ शिशुओं का जन्म सुनिश्चित हो रहा है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार भिटौरिया ने बताया कि आयुष्मान भारत मिशन के अंतर्गत किए गए इन प्रयासों से जिले में चिकित्सा पहुंच आसान हुई है। आने वाले समय में आधुनिक अस्पतालों, विशेषज्ञ चिकित्सकों और डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार से जिला स्वास्थ्य क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुएगा।

### नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत



**अयोध्या।** खिरौनी नगर पंचायत से लालचंद चौरसिया जिला उपाध्यक्ष व प्रवीण सिंह भाजपा जिला कार्यालय मंत्री बनाए गए। माँ ज्वाला फाउंडेशन के सचिव संतोष गुप्ता व क्षेत्र के युवाओं ने गुरुवार को माल्यार्पण कर और रामनामी भेंट कर दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में वीरभद्र गुप्ता, पंकज, अंशुमान, पवन सहित अन्य लोग थे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत महुआ विकास खण्ड - गैसड़ी जनपद बलरामपुर**

पत्रांक मेमो/ग्रा0प0/मनरेगा/राज्य वित्त आयोग/2026-27 दिनांकः 27.03.2026

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

जिला बलरामपुर में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु मनरेगा/राज्य वित्त आयोग/केंद्र राज्य वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन पेज-2 /आर0जी0एस0ए0/एस0एल0डब्लू0एम0 के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं एवं आंगनबाड़ी केंद्र पंचायत भवन, वृक्षारोपण, कायाकल्प, अन्त्येष्टि स्थल, ग्राम पंचायत में पेयजल की आपूर्ति, गौ पशु आश्रय निर्माण व मरम्मत, भूसा दाना/चूनी-चोकर, भूसा खरीद टेंडर इत्यादि कार्य हेतु प्रथम/द्वितीय श्रेणी ईट/ इंटरलाकिंग ईट ,ईट गिट्टी,बालू,मोरंग, ग्रेनाइट,सरिया, पत्थर गिट्टी,ह्यूमपाइप,पेंट, सामुदायिक शौचालय मरम्मत,लारवा फांगिग, पुलिया निर्माण,सोक पिट, गड्ढा निर्माण, इत्यादि मरम्मत निर्माण सामग्री मेज, कुर्सी, अलमारी, साइन बोर्ड, स्कूल के झूले एवं अन्य खेल सामग्री की आवश्यकता है और जे0सी0बी0 मशीन किराये पर ट्रैक्टर -ट्राली किराये पर आवश्यकता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 27/03/2026 से 30/03/2026 तक सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा पर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय के निविदा बाक्स में डाली जाएगी। धरोहर राशि 05 हजार रुपए मात्र होगी। निविदा एवं कोटेशन दिनांक -31/03/2026 उपस्थित में 10 बजे से 01 बजे तक निविदा फार्म खोला जायेगा।

**नियम /शर्ते निम्न है -** 1- निविदा शुल्क रु0650 होगी जो कि देय नहीं होगी। 2- जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कार्य कराये जाते हेतु सूचित किया जायेगा यदि आपूर्तिकर्ता द्वारा निर्धारित समय सीमा में आपूर्ति नहीं किया जाता है तो ऐसी दशा में आपूर्ति आदेश निरस्त करते हुए वरीयता क्रम में अन्य फर्म को आपूर्ति आदेश जारी करने हेतु स्वतंत्र है। 3- फर्म को जी0एस0टी0 पंजीकृत हो तो आयकर की प्रमाणित छाया प्रति संलग्न करना आवश्यक है। 4- ग्राम प्रधान/सचिव द्वारा नामित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आपूर्ति की मौजूदगी में निविदा खोला जायेगा। 5- जो दरें प्रस्तुत की जाएं वह दरें जीएसटी तथा जुलाई चढ़ाई उतराई तथा अन्य कर जोड़ कर प्रस्तुत की जाएं। 6- सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दरों में निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। 7- सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम प्रधान के आपूर्ति आदेश पर ही की जाएं। 8- प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। 9- स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी/ अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरांत ही किया जायेगा गुणवत्ता खराब होने पर आपूर्तिकर्ता को भुगतान नही किया जायेगा।

मो0कलीम, ग्राम प्रधान मुकेश कुमार, ग्राम विकास अधिकारी

ग्राम पंचायत महुआ विकास खण्ड - गैसड़ी जनपद बलरामपुर

## चले जब चाप कर बाबा का बुलडोजर ... पर झूमा कामाख्या धाम

मवई, अयोध्या।

- भोजपुरी सुपर स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ ने महोत्सव में दी प्रस्तुति

**अमृत विचार :** रुदौली क्षेत्र में आयोजित मां कामाख्या धाम महोत्सव उस समय खास और यादगार बन गया, जब भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार एवं पूर्व सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ मंच पर पहुंचे। उनके आगमन के साथ ही पूरे पंडाल में उत्साह और जोश का माहौल देखने को मिला।

निरहुआ ने अपने चर्चित गीत चले जब चाप के बाबा का बुलडोजर... की प्रस्तुति देकर माहौल को ऊर्जा से भर दिया। इसके बाद उन्होंने निरहुआ नाम बा... गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को और रंगीन बना दिया। साथ ही उन्होंने कई देवी गीतों की प्रस्तुति देकर महोत्सव में भक्ति रस का संचार किया, जिससे पूरा वातावरण श्रद्धा और आस्था से सराबोर हो गया। मीडिया से बातचीत के दौरान दिनेश लाल यादव निरहुआ ने कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में एक बार फिर प्रचंड बहुमत की सरकार बनेगी और योगी आदित्यनाथ तीसरी बार मुख्यमंत्री बनेंगे। उन्होंने पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस की किल्लत पर कहा कि वैश्विक परिस्थितियों का असर भारत पर भी पड़ रहा है, ऐसे में लोगों को अफवाहों से बचते हुए आपसी सहयोग बनाए रखना चाहिए। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र यादव एवं महोत्सव न्यास अध्यक्ष रविकांत तिवारी ने उनका स्वागत किया।





मां कामाख्या धाम महोत्सव में भोजपुरी सुपर स्टार दिनेश लाल यादव व विधायक रामचंद्र यादव का स्वागत करते लोग। अमृत विचार

**कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति गोण्डा**

पत्रांक-कृ0उ0म0स0गो0/2026/165 दिनांक 26.3.26

**संशोधन दुकान आवंटन नीलामी सूचना**

उपनिदेशक (प्रशा0/विप0) मण्डी परिषद अयोध्या के आदेश दिनांक-14.03.2026 द्वारा दिनांक-24.03.2026 को दुकानो के आवंटन की नीलामी हेतु सूचना विज्ञापन में प्रकाशित करायी गयी थी, जिसको अपरिहार्य कारणवश उपनिदेशक (प्रशा0/विप0) मण्डी परिषद अयोध्या द्वारा दिनांक 17.03.2026 निर्देशित किया गया है कि कृषि उत्पादन मण्डी समिति, गोण्डा में नवीन मण्डी स्थल खाद्यान्न में रिक्त 'ब' श्रेणी की 03 दुकाने, 'स' श्रेणी की 12 दुकाने निर्दिष्ट कृषि उत्पादो के लिए रिक्त है तथा नवीन फल/सब्जी मण्डी स्थल में 'व' श्रेणी की 01 दुकाने व 'स' श्रेणी की 01 दुकाने एवं सुपर मार्केट की 03 दुकाने निर्दिष्ट कृषि उत्पादो के लिए रिक्त है, जिसके आवंटन की नीलामी तिथि दिनांक-27.03.2026 को समय अपरान्ह 12:30 बजे नवीन मण्डी स्थल गोण्डा में नीलामी की कार्यवाही कराने हेतु तिथि निर्धारित की गयी थी। परन्तु राम नवमी के पावन अवसर पर अवकाश होने के कारण से उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार उक्त आवंटन तिथि दिनांक-30.03.2026 को समय पूर्वान्ह 11:00 बजे निर्धारित की गयी है।

**नीलामी हेतु अवशेष दुकानों से सम्बन्धित विवरण / तालिका**

| क्र. सं. | स्थल का नाम | गोदाम / दुकान की श्रेणी | कुल रिक्त गोदाम/दुकान की संख्या | लागत मूल्य (प्रति गोदाम/ दुकान) | धरोहर धनराशि | यूजर चार्ज 15 प्रतिशत | दुकान की आरक्षण श्रेणी: अनुसूचित जाति | अनारक्षित | अन्य पिछड़ा वर्ग | आर्थिक कप में कमाजोर वर्ग/एफ0 पी0आ0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | गल्ला मण्डी | ब श्रेणी | 03 | 879000.00 | 87900.00 | 13185 | 01,05 | – | 03 | – |
| 2 | '' | स श्रेणी | 12 | 425000.00 | 42500.00 | 6375 | 01,05,11,15 | – | 03. 07,09, 13,17,19 | 10,20 |
| 3 | सब्जी मण्डी | ब श्रेणी | 01 | 818000.00 | 81800.00 | 12270 | 05 | – | – | – |
| 04 | '' | स श्रेणी | 01 | 382000.00 | 38200.00 | 5730 | – | – | – | 10 |
| 5 | सुपर मार्केट | – | 03 | 13.36 लाख | 133600.00 | 20040 | 11,15 | – | – | 20 |

आवंटन की नियम व शर्ते पूर्व की भांति ही रहेगी।

सचिव
कृषि उत्पादन मण्डी समिति
गोण्ड

सभापति / नगर मजिस्ट्रेट
कृषि उत्पादन मण्डी समिति
गोण्ड

# गोमती थंडर व गंगा वॉरियर्स एपीएल के खिताबी दौर में

अयोध्या कार्यालय।



एपीएल के सेमीफाइनल में छक्का लगाता बल्लेबाज। अमृत विचार

● एपीएल टी-20 : चैम्पियन्स ट्रॉफी के लिए आज होगी भिड़ंत, आतिफ व सौरभ रहे मैन-ऑफ-द-मैच

**अमृत विचार:** अयोध्या प्रीमियर लीग (एपीएल) टी-20 में गुरुवार को हुए सेमीफाइनल में गोमती थंडर और गंगा वॉरियर्स की टीमों ने अपने अपने मैच जीतकर फाइनल में स्थान बनाया। आयोजन सचिव उमेर अहमद ने बताया कि शुक्रवार को प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला दोपहर साढ़े 12 बजे से होगा। जिसमें गंगा व गोमती टीमें चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए संघर्ष करेंगी।

डाभासेमर के डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल स्थित क्रिकेट स्टेडियम में गुरुवार को प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल गोमती थंडर व हिंडन टाइटन टीमों के बीच हुआ। इसमें ने हिंडन ने टॉस जीत कर गोमती टीम को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। गोमती टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट खोकर 143 रन बनाए। इसमें हिमांशु ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 28 गेंदों पर चार छक्के व छह चौके की मदद से 62, आतिफ ने चार छक्के व दो चौके की मदद से 38 रन बनाये। हिंडन के आकाश ने तीन, दिनेश दो, अभिनव ने एक विकेट लिया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी हिंडन टीम गोमती के अनिल व आतिफ की धारदार गेंदबाजी के आगे 8.2 ओवरों में महज 36 रनों पर सभी विकेट खोकर ठह गई। स्थिति इतनी बुरी रही कि कुशाग्र 10 रन के अलावा टीम का कोई बल्लेबाज दहाई का अंक नहीं छू पाया। गोमती के अनमोल ने तीन ओवरों में 12 रन देकर चार विकेट और आतिफ ने दो ओवरों में चार रन देकर तीन विकेट लिया। आतिफ को गोमती के ओनर ने मैन-ऑफ-द-मैच के रूप में पुरस्कृत किया।

दूसरे सेमीफाइनल में गंगा वॉरियर्स टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में नौ विकेट के नुकसान पर 175 रन बनाये। अनुज ने 62, सौरभ ने 28 रनों का सहयोग दिया। सरयू स्मैशर्स के विपेन चंद्रा ने चार, जावेद व शारिम ने दो-दो व मनीष ने एक विकेट लिया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी सरयू स्मैशर्स की टीम 18.5 ओवरों में सभी विकेट खोकर 138 रनों पर सिमट गई। शार्दुल त्रिपाठी ने 35, दिव्यांशु ने 29 जोड़े। गंगा टीम के सौरभ ने चार विकेट लिए और मैन-ऑफ-द-मैच रहे, उन्हें आयुष्मान फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष मयंक श्रीवास्तव ने पुरस्कृत किया। इसके अलावा शोएब ने तीन, युवराज ने दो व विशाल ने एक विकेट लिया। सेमीफाइनल मुकाबले में संतोष सिंह, रोहित, जतिन्द्र सिंह, पवन यादव ने अंपायर, कासिम, आशुतोष ने स्कोरर की भूमिका निभाई। सैय्यद सुबहानी ने इस दौरान लाइव कमेन्ट्री की। इस मौके पर आरएसओ अनिमेष सक्सेना, उपक्रीड़ा अधिकारी शकील अहमद, आयोजन संयुक्त सचिव बालकिशन निषाद सहित भारी संख्या में खेल प्रेमियों ने रोमांचक मुकाबले का लुत्फ उठाते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

# सड़क हादसे में चालक और क्लीनर की जलकर मौत

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

● महोबा में दो ट्रकों की आमने सामने की जोरदार टक्कर से हुआ हादसा

**अमृत विचार।** गुरुवार सुबह करीब 6 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो लोगों की जलकर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जलालपुर से महोबा के कबहरिया क्षेत्र में गिट्टी लोड करने जा रहा एक ट्रक रास्ते में हादसे का शिकार हो गया।

बताया जा रहा है कि जैसे ही ट्रक महोबा के पास पहुंचा, सामने से गिट्टी लदा एक अन्य ट्रक आ रहा था। इसी दौरान चालक को अचानक झपकी आ जाने के कारण दोनों ट्रकों में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक ट्रक में आग लग गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक ट्रक में फंसे चालक और क्लीनर की जलकर दर्दनाक मौत हो चुकी थी। मृतकों की पहचान चालक साधु लगभग 60 वर्ष निवासी पारा फुलवरिया जनपद आजमगढ़ तथा क्लीनर सनी 26 वर्ष निवासी रकबा थाना जैतपुर अंबेडकरनगर के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही ट्रक मालिक और परिजन मौके के लिए रवाना हो गए। वहीं जैसे ही यह खबर मृतकों के घर पहुंची, परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई शुरू कर दी है और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।



एयरपोर्ट पर पहुंचे जिंगल बेल स्कूल के विद्यार्थी। अमृत विचार

## विद्यार्थियों ने समझी एयरपोर्ट की कार्यप्रणाली

**अयोध्या, अमृत विचार :** महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर 24 से 26 मार्च तक जिंगल बेल स्कूल के कक्षा 2 से 5 तक के विद्यार्थियों का शैक्षिक भ्रमण आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने हवाई अड्डे के विभिन्न क्षेत्रों का अवलोकन किया। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) व सीआईएसएफ के अधिकारियों द्वारा बच्चों को हवाई अड्डे के संचालन, विमान के आगमन-प्रस्थान, यात्रियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं तथा हवाई अड्डे की सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी दी गई। एयरपोर्ट डायरेक्टर धीरेंद्र सिंह ने बताया कि हवाई अड्डा प्रशासन व सीआईएसएफ के अधिकारियों ने विद्यार्थियों और उनके शिक्षकों का स्वागत किया।

# अवध विश्वविद्यालय : पद्धति बदली ओएमआर शीट पर नहीं होगी परीक्षा

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय ने अपनी परीक्षा पद्धति में एक बार फिर से बदलाव कर दिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने पहले ओएमआर शीट से परीक्षा कराने का निर्णय लिया था लेकिन कतिपय कारणों से पैर वापस खींच लिए हैं। सूत्रों का कहना है कि परीक्षा प्रणाली में आ रही तमाम अड़चनों के कारण विश्वविद्यालय ने यह बदलाव किया है। इतना ही नहीं परीक्षा को लेकर सभी सम्बद्ध महाविद्यालयों को सूचना जारी करते हुए विद्यार्थियों को अवगत कराने का निर्देश दिया है ताकि कोई असमंजस की स्थिति नहीं रहे।

डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय ने सत्र 2025-26 के एनईपी स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों की सम-सेमेस्टर ओ को लेकर नई अधिसूचना जारी की है। विश्वविद्यालय के अनुसार ये परीक्षाएं अप्रैल 2026 के अंतिम सप्ताह में आयोजित की जाएंगी। सूत्रों के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में सभी परीक्षाओं को ओएमआर शीट पर वस्तुनिष्ठ (ऑब्जेक्टिव) पद्धति से कराने का निर्णय लिया गया था, लेकिन अब इसमें आंशिक संशोधन किया गया है। नई व्यवस्था के तहत स्नातक द्वितीय एवं षष्ठम सेमेस्टर की परीक्षाएं वस्तुनिष्ठ/बहुविकल्पीय प्रकार से कराई जाएंगी, जबकि स्नातक चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं लिखित (डिस्क्रिप्टिव) पद्धति से आयोजित होंगी। वहीं, परास्नातक द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं वस्तुनिष्ठ/बहुविकल्पीय पद्धति से ही संपन्न कराई जाएंगी। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक विनय कुमार सिंह ने सभी संबद्ध महाविद्यालयों को निर्देशित किया है कि वे इस संशोधित परीक्षा पद्धति की जानकारी अपने संस्थान के छात्र-छात्राओं तक तत्काल पहुंचाना सुनिश्चित करें। साथ ही अधिसूचना को विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट और कॉलेज लॉगिन पर अपलोड करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## भाई के प्रति भरत के त्याग से प्रेरणा ले : गोविंद देवगिरी



जिला पंचायत अध्यक्ष के आवास पर आयोजित कथा में कथा व्यास की आरती उतारते प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही।

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** सरायराशी में आयोजित भव्य श्रीराम कथा महोत्सव में कथा व्यास स्वामी गोविंद देव गिरी जी महाराज ने कहा कि भाई के प्रति भरत के त्याग से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। कथा में व्यासपीठ से भगवान श्रीराम के वनगमन प्रसंग, केवट संवाद, सुमंत की विवशता, महाराज दशरथ के स्वर्ग गमन और भरत-शत्रुघ्न के अयोध्या लौटने के प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा में मुख्य यजमान आलोक सिंह रोहित व जिपं अध्यक्ष रोली सिंह, कृषि व जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय मंत्री पंकज सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष अम्बेडकर साधू वर्मा आदि ने कथा व्यास का पूजन-अर्चन किया।

## शिवदयाल विद्या मंदिर में मनाई रामनवमी



**अयोध्या, अमृत विचार :** शिवदयाल जायसवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तुलसीनगर में रामनवमी और कन्यापूजन का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। प्रधानाचार्य अवनि कुमार शुक्ल ने मां सरस्वती, मां दुर्गा व प्रभु श्रीराम के चित्र पर पुष्पार्चन व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। विद्यालय की बहनों ने दुर्गा स्तुति, भजन व कीर्तन के माध्यम से सबके कल्याण के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर लल्ला सिंह, परमात्मादीन, मुकेश कुमार तिवारी, उर्मिला शुक्ला, विभा तिवारी आदि मौजूद रहे।

# नहाने के दौरान सरयू नदी में डूबने से युवक की मौत

संवाददाता, आजमगढ़।

अमृत विचार : जिले के महाराजगंज थाना क्षेत्र के गंगापुर गांव में गुरुवार को एक दर्दनाक हादसे में सरयू नदी में नहाने गए एक युवक की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

अजमत (20) पुत्र पप्पू निवासी जयपुर, परशुरामपुर अपने परिवार के साथ दोपहर करीब 12 बजे गंगापुर स्थित सरयू नदी में स्नान करने गया था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और अचानक डूबने लगा। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन नदी के तेज बहाव और अधिक गहराई के कारण सफलता नहीं मिल सकी। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और युवक की तलाश शुरू कर दी। काफी प्रयासों के बाद ग्रामीणों ने युवक का शव नदी से बाहर निकाला। हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलने पर गोपालपुर विधायक नफीस अहमद भी मौके पर पहुंचे और शोक संतप्त परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने प्रशासन से हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया। कोतवाली प्रभारी केदार नाथ मौर्या ने बताया कि परिजनों के लिखित अनुरोध पर पोस्टमॉर्टम नहीं कराया गया है।

## जनपद में गर्मी बढने से बिजली की मांग बढ़ी

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद में तापमान बढने के साथ ही बिजली की मांग 200 मेगावाट तक पहुंच गई है, जिससे आपूर्ति बनाए रखने में चुनौतियां आ रही हैं। ट्रांसमिशन अधिकारियों के अनुसार जिस तरह से तापमान बढ़ रहा है, इस बार बिजली की मांग 360 मेगावाट तक पहुंचने का अनुमान है। मार्च के पहले पखवाड़े में ही तापमान में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। बिजली की बढ़ी हुई खपत के कारण मध्यांचल विद्युत वितरण निगम को शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धारित शेड्यूल के अनुसार आपूर्ति बनाए रखने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में बिजली व्यवस्था पर इसका सीधा असर दिख रहा है। पिछले वर्षों की तुलना में इस साल मार्च के पहले और दूसरे सप्ताह में बिजली की खपत में 50 मेगावाट की वृद्धि हुई है। होली तक जनपद में 150 मेगावाट खपत थी, जो अब बढक़र 200 मेगावाट हो गई है। इसके चलते ग्रामीण क्षेत्रों में कहीं ट्रिपिंग तो कहीं लो-वोल्टेज की समस्या से लोग जूझ रहे हैं।

# परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण कार्यशाला आयोजित

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार:** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में गुरुवार को परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 के प्रसार व अभिमुखीकरण संबंधी कार्यशाला का डायट प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्रभारी मनोज कुमार, डायट प्रवक्ता ज्ञानेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में शुभारंभ हुआ। परख यानी बच्चों के समग्र विकास के लिए बच्चों के ज्ञान का प्रदर्शन, आकलन, समीक्षा व विश्लेषण, परफॉर्मेंस रिव्यू एसेसमेंट एंड एनालिसिस ऑफ नॉलेज फॉर हॉलिस्टिक डेवलपमेंट कार्याशाला का प्रमुख विषय रहा। परख की परीक्षा में बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक विद्यालय, सहायता प्राप्त विद्यालय सहित लगभग 120 विद्यालयों के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला का उद्देश्य सभी शिक्षकों को परख डैशबोर्ड का उपयोग करते हुए डाटा को समझने में सक्षम बनाने का रहा। इसके अंतर्गत कक्षा तीन, छह व कक्षा नौ के विद्यार्थियों का दक्षता आधारित आकलन किया जाता है। एनसीईआरटी भारत सरकार की एक यूनिट के रूप में परख इकाई काम करती है। कार्यशाला में साकेत पीजी कॉलेज के हिंदी के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. आलोक कुमार सिंह ने बतौर मुख्य वक्ता के रूप में हिस्सा लिया। प्रशिक्षण में डायट प्रवक्ता ज्ञानेन्द्र सिंह, डॉ. विवेक कुमार सिंह, डॉ. अम्बिकेश त्रिपाठी, डॉ. योगेंद्र नाथ पांडेय, सुजीत सिंह, ऋचा उपाध्याय आदि ने शिक्षकों, विकास खण्ड के एआरपी को प्रशिक्षण प्रदान किया।

## वंदना बनीं स्टाफ नर्स, परिवार में खुशी



**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** कठिन परिस्थितियों के बावजूद हिम्मत, मेहनत और चाचा के सहयोग से सफलता हासिल करने वाली सी शाहपुर की वंदना यादव क्षेत्र के लिए प्रेरणा बन गई हैं। पिता के निधन के बाद चाचा के सहारे पली-बढ़ीं वंदना यादव का चयन स्टाफ नर्स के पद पर होने से पूरे परिवार और गांव में खुशी का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जलालपुर क्षेत्र के ग्राम शाहपुर निवासी स्वर्गीय महेंद्र यादव की पुत्री वंदना यादव का चयन स्टाफ नर्स के पद पर हुआ है। वंदना के पिता का निधन उस समय हो गया था जब वह पढ़ाई कर ही रही थीं। पिता के निधन के बाद परिवार पर कठिन समय आ गया, लेकिन ऐसे समय में उनके चाचा शैलेन्द्र यादव ने उनका सहारा बनकर पूरी जिम्मेदारी संभाली। चाचा शैलेन्द्र यादव ने न केवल वंदना की पढ़ाई-लिखाई की जिम्मेदारी उठाई, बल्कि हर कदम पर उनका मार्गदर्शन और हौसला बढ़ाया। उसी के परिणामस्वरूप वंदना ने लगातार मेहनत करते हुए स्टाफ नर्स के पद पर चयनित होकर परिवार और गांव का नाम रोशन किया। अपनी सफलता पर वंदना ने कहा कि पिता के निधन के बाद चाचा ने ही मुझे संभाला और हमेशा आगे बढने के लिए प्रेरित किया। आज जो भी सफलता मिली है, उसका पूरा श्रेय मैं अपने चाचा के सहयोग, मार्गदर्शन और परिवार के समर्थन को देती हूं। परिजनों और ग्रामीणों ने मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की और वंदना को उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाई दी। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि वंदना की यह सफलता संघर्ष और परिवार के सहयोग की एक प्रेरणादायक मिसाल है।

## एलआईसी की मिथिलेश नंदिनी का निधन, शोक



**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** भारतीय जीवन बीमा निगम जलालपुर की कर्मठ और समर्पित मिथिलेश नंदिनी श्रीवास्तव का गुरुवार सुबह निधन हो गया। उनके आकस्मिक निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। बता दें कि मिथिलेश नंदिनी ने अपने सेवा काल के दौरान कड़ी मेहनत, लगन और ईमानदारी के साथ कार्य करते हुए एलआईसी में एक विशेष पहचान बनाई थी। उन्होंने संघर्षपूर्ण जीवन जीते हुए अपने कार्यक्षेत्र में उच्च मुकाम हासिल किया और क्षेत्र का नाम रोशन किया। उनके कार्यों और व्यवहार से वह सहकर्मियों और आम जनमानस के बीच अत्यंत लोकप्रिय थीं। उनके निधन पर एलआईसी जलालपुर के ब्रांच मैनेजर अजय कुमार मिश्रा, टांडा के ब्रांच मैनेजर डीएन वर्मा, बसखारी के ब्रांच मैनेजर पीपीपी यादव तथा अकबरपुर शाखा से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। इसके अलावा एलआईसी के अभिकर्ता हरिओम उपाध्याय, बृजेश चतुर्वेदी, सतीश कुमार यादव, उषा सिंह सहित अन्य लोगों ने भी उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

# श्रवणधाम के लिए 3 करोड़ 76 लाख रुपए का बजट स्वीकृति

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

● कार्यदाई संस्था उत्तर प्रदेश जल निगम को 2 करोड़ 82 लाख रुपए की पहली किस्त जारी

**अमृत विचार।** जनपद में श्रवणधाम के पर्यटन विकास के लिए शासन ने 3 करोड़ 76 लाख 32 हजार रुपए का बजट स्वीकृत किया है। इस परियोजना का उद्देश्य श्रवणक्षेत्र धाम को पर्यटन मानचित्र पर विकसित करना है। प्रशासकीय और वित्तीय स्वीकृति मिलने के बाद कार्यदाई संस्था उत्तर प्रदेश जल निगम को 2 करोड़ 82 लाख रुपए की पहली किस्त जारी कर दी गई है।

शासन से पत्र प्राप्त होने के बाद जिलाधिकारी अनुपम शुक्ल ने मुख्य विकास अधिकारी आनंद शुक्ल को तत्काल कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए हैं। श्रवणधाम का पर्यटन विकास पिछले तीन वर्षों से जारी है, लेकिन पिछले वर्ष मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दौरे के बाद इस परियोजना को विशेष गति मिली है। पर्यटन विभाग द्वारा तैयार किए गए प्रस्ताव और डिजाइन को जिला प्रशासन की संस्तुति के साथ शासन को भेजा गया था। अब इस प्रस्ताव को अंतिम स्वीकृति मिल गई है। स्वीकृत धनराशि में से सर्वाधिक 1 करोड़ 34 लाख रुपए सिविल वर्क पर खर्च करने की योजना है। यह राशि धाम के समग्र पर्यटन विकास के लिए उपयोग की जाएगी। सिविल वर्क के अतिरिक्त, परियोजना में विद्युतीकरण, प्लंबिंग, फायर लाइटिंग, सीवेज, जलापूर्ति, सेप्टिक टैंक, नलकूप, वाटर ड्रेन, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, सैनिटेशन, सबमर्सिबल पंप, सोकपिट, सीसी रोड, सोलर व स्ट्रीट लाइट, ब्लॉक पाथ और हार्टिकल्चर जैसे कार्य भी शामिल हैं। कार्यदाई संस्था जल्द ही सभी कार्यों की डिजाइन के अनुरूप निर्माण शुरू करेगी।

# 22 करोड़ 69 लाख से बनेगी 19 सड़कें

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

● ग्रामीण क्षेत्रों का तहसील और जिला मुख्यालय से होगा सीधा संपर्क, एमएलसी के प्रस्ताव पर शासन ने दी स्वीकृत

**अमृत विचार।** जनपद में 19 प्रमुख सडक़ों और संपर्क मार्गों के निर्माण तथा नवीनीकरण के लिए लगभग 22.69 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। इस पहल से लंबे समय से जर्जर सडक़ों पर आवागमन सुगम होगा। इन सडक़ों के निर्माण से ग्रामीण अंचलों का तहसील और जिला मुख्यालय से संपर्क बेहतर होगा। जिससे व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक लोगों की पहुंच आसान होगी। यह स्वीकृति एमएलसी डॉ. हरिओम पांडे के प्रस्ताव पर शासन द्वारा प्रदान की गई है।



इन सडक़ों की मरम्मत और नवीनीकरण का जिम्मा लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय तथा निर्माण खंड को सौंपा गया है। प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति के साथ पहली किस्त का आवंटन भी कर दिया गया है। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता सौरभ सिंह और अश्विनी पांडेय ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। स्वीकृत मार्गों में टांडा-रायबरेली मार्ग, सुल्तानगढ़-गौरा-महमदपुर-कर्बला-रफीगंज मार्ग, नेवादा-बंदीपुर-कटका-सेमरा मार्ग, मालीपुर-धमरूवा-नेमपुर घाट मार्ग और टांडा-हंसवर-मकरही-चहोड़ा-डामरमऊ-जहांगीरगंज मार्ग शामिल हैं। इसके अतिरिक्त पिलखवां से प्रतापपुर कर्मीडीह क्रासिंग होते हुए गोपालपुर चौराहाए भाऊपुर से बेलहरी-टड़वा होते हुए मीरमलुकपुर मार्ग, बेवाना-कुढ़ा मार्ग से मुस्लिम जगदीशपुर-उदयपुर होते हुए श्मशान घाट तक संपर्क मार्ग और परेठवा-खंडवा से देवा तालाब तक के मार्ग का निर्माण होगा। साथ ही समसपुर-रघुनाथपुर, महरुआ से छितन पट्टी शाहपुर, अकबरपुर-महरुआ से खजूरडीह-मंशापुर-बरामदपुर, रामनगर-चहोड़ा से बिमावल-धुसवां-मठिया सरावं होते हुए दुमदुम गांव तक संपर्क मार्ग का निर्माण और मरम्मत की जाएगी। जहांगीरगंज-रामबाग-लुंबिनी-दुद्दी मार्ग से दोस्तपुर-अकबरपुर-जलालपुर-नेवरी मार्ग और रायगंज-सेनपुर-मिझौड़ा-तिवारीपुर मार्ग का भी नवीनीकरण कराया जाएगा।

# मत्स्य पालन के साथ मखाना की खेती को बढ़ावा

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

● सरकार दे रही 2 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर का अनुदान

**अमृत विचार।** जनपद में किसानों की आय दोगुनी करने एवं कृषि के विविधीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासन की महत्वाकांक्षी मखाना विकास योजना के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में दो दिवसीय मखाना प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जिला उद्यान अधिकारी धर्मेंद्र चौधरी ने मखाना योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि मखाना की खेती मत्स्य पालन के साथ-साथ सफलतापूर्वक की जा सकती है, जिससे किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026-27 में मखाना की खेती अपनाने वाले किसनों को 2 लाख रुपए प्रति हेक्टेयर तक का अनुदान प्रदान किया जाएगा। साथ ही यह भी बताया कि ऐसे निचले क्षेत्र, जहां बरसात के दौरान एक से 2 फीट तक पानी भरा रहता है, मखाना खेती के लिए अत्यंत उपयुक्त हैं। उन्होंने बताया कि अब तक मखाना की खेती मुख्य रूप से बिहार राज्य में की जाती रही है, लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मखाना बोर्ड का गठन कर इस फसल को राज्य में भी बढ़ावा देने की दिशा में ठोस पहल की गई है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. रामजीत द्वारा मखाना की खेती की तकनीक, उसके लाभ एवं संभावित चुनौतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। किसानों को वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने के बारे में दी जानकारी : उद्यान वैज्ञानिक डॉ. लोकेश यादव, जो मखाना उत्पादन में प्रशिक्षित हैं, उन्होंने किसानों को वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने के व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी प्रदान की। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. प्रदीप ने किसानों को सब्जी और फूलों की खेती के साथ स्ट्रॉबेरी और ड्रैगन फ्रूट जैसी फसलों की खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम | डीएम ने सीएम युवा क्रेडिट शिविर सह जिला उद्योग बंधु एवं व्यापार बंधु की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

# व्यापारियों की शिकायतों का प्राथमिकता से करें निस्तारण

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।





सीएम युवा योजना के लाभार्थी को डेमो चेक देते जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला व साथ में मौजूद सीडीओ आनंद कुमार शुक्ला।

बैठक

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की उपस्थिति में कलेक्ट सभागार में उत्तर प्रदेश सरकार के नव निर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सीएम युवा क्रेडिट शिविर सह जिला उद्योग बंधु एवं व्यापार बंधु की बैठक का आयोजन किया गया।

सहायक आयुक्त उद्योग ने बताया कि मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना सीएम युवा के अंतर्गत जनपद के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष अब तक कुल 2 हजार 154 लाभार्थियों को स्वर्ण रोजगार के लिए ऋण वितरित किया जा चुका है। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा उद्यमी एवं व्यापारी बंधुओ द्वारा विगत बैठक में उठाए गए बिंदुओं की अनुपालन आख्या की समीक्षा की गई तथा उनकी समस्याओं को सुनकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्राथमिकता पर समस्याओं के समयबद्ध समाधान के लिए निर्देशित किया।

इस अवसर पर सीएम युवा योजना के तीन लाभार्थियों को डेमो चेक भी प्रदान किए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, विद्युत, लोक निर्माण विभाग, जीएसटी, उद्योग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत

**टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के टांडा कोतवाली क्षेत्र में एक सडक़ हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना टांडा-हंसवर मार्ग पर सुलेमपुर बाजार के पास हुई। मृतक की पहचान हंसवर थाना क्षेत्र के फाजिलपुर गांव निवासी 25 वर्षीय पंकज यादव पुत्र सहदेव यादव के रूप में हुई है। पंकज यादव टांडा से अपने घर लौट रहे थे, तभी एक अज्ञात तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पंकज के सिर में गंभीर चोटें आईं और उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पीआरवी 112 पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से युवक को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पंकज यादव डिलीवरी का काम करते थे और अपने माता-पिता के इकलौते पुत्र थे।

न्यूज ब्रीफ

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बुधवार देर रात बहलोलपुर दियरा वेवाना निवासी 28 वर्षीय लक्ष्मी गुप्ता बाइक से रसूलपुर दियरा रोड पर जा रहे थे, तभी आगे चल रहे ट्रक में पीछे से टकरा गए। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने उन्हें सीएचसी दोस्तपुर पहुंचाया, जहां से हालत नाजुक देख जिला अस्पताल अंबेडकर नगर रेफर कर दिया गया।

### क्रीड़ा छात्रावास के लिए ट्रायल संपन्न

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में उत्तर प्रदेश के आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में प्रवेश के लिए ट्रायल का आयोजन किया गया। चौथे दिन विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों की प्रतिभा परखी गई, जिनमें क्रिकेट, कबड्डी, बास्केटबॉल, तीरंदाजी, एथलेटिक्स और हैंडबॉल शामिल रहे। सभी खेलों में बालिका वर्ग की खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि ट्रायल के आधार पर चयन प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस दौरान कोच प्रदीप यादव, प्रवीण मिश्र, आशा, तारिक, वसीम, मुनेंद्र मिश्र, अर्जुन यादव, पुलक डे, फ़ैज़ा व चंचल भट्टाचार्य सहित कई प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

### खुशबू का सुलतानपुर में हुआ भव्य स्वागत

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** प्रयागराज की बेटी खुशबू निषाद ने एशियन एमएमए चैंपियनशिप-2025 में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। उनकी इस ऐतिहासिक सफलता पर सुलतानपुर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों ने उनका जोरदार अभिनंदन किया। इस अवसर पर इंडियन ड्रैगन फाइटर अकेडमी के खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। खुशबू निषाद ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कोच शुभम धुरिया ने भी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### कार खाई में पलटी सात लोग घायल

**करौंदीकला, सुलतानपुर, अमृत विचार :** गुरुवार को प्रतापगढ़ जिले के ढकवा निवासी चालक नौशाद कार में सात सवारियों को लेकर नगर गांव से अंबेडकर नगर बारात जा रहे थे। इसी दौरान ओवरटेक करते समय वाहन अनियंत्रित हो गया और खाई में पलट गया। दुर्घटना में सभी लोग कार के नीचे दब गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों नौशाद, शहबान, शमशेर, अफजल, दबंगा, सोहराब अली समेत एक अन्य युवक को सीएचसी पहुंचाया।

# राजेश मसाला की पत्नी को हुई जेल

## अमेठी की पूर्व नपं अध्यक्ष की अंतरिम जमानत खारिज, धोखाधड़ी में भेजी गई जेल

विधि संवाददाता, सुलतानपुर



अमेठी की पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रमा देवी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** धोखाधड़ी के चर्चित मामले में अमेठी की पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रमा देवी को गुरुवार को बड़ा झटका लगा। प्रभारी सेशन जज राकेश पांडेय की अदालत ने उनकी अंतरिम जमानत अर्जी खारिज करते हुए उन्हें जेल भेजने का आदेश दिया है। साथ ही नियमित जमानत अर्जी पर सुनवाई के लिए 30 मार्च की तारीख नियत की गई है।

गौरतलब है कि इससे पहले चंद्रमा देवी ने एसीजेएम कोर्ट मजिस्ट्रेट भव्या श्रीवास्तव की अदालत में सरेंडर कर जमानत की मांग की थी, जहां आरोपों को गंभीर मानते हुए उनकी अर्जी खारिज कर दी गई थी। इसके बाद उनके अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने सेशन कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की थी। मामले में परिवादी की ओर से अजीजुर्रहमान तथा डीजीसी क्रिमिनल रामअचल मिश्र ने जमानत का विरोध किया। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने अंतरिम जमानत देने से इनकार करते हुए उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

अमेठी के उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष घनश्याम सोनी ने आरोप लगाया है कि नगर पंचायत अध्यक्ष रहते हुए चंद्रमा देवी ने धोखाधड़ी कर उनका मकान अन्य लोगों लल्लू प्रसाद सोनी, लालजी सोनी, पुजारी लाल सोनी व संगम लाल सोनी के नाम दर्ज करा दिया। इस संबंध में कोर्ट ने 8 फरवरी 2024 को सभी आरोपितों को विचारण हेतु तलब किया था।

उल्लेखनीय है कि हाईकोर्ट के निर्देश पर चंद्रमा देवी ने ट्रायल कोर्ट में सरेंडर किया था, लेकिन अब अंतरिम राहत न मिलने से उन्हें जेल भेज दिया गया है। मामले की अगली महत्वपूर्ण सुनवाई 30 मार्च को होगी। विदित हो कि चंद्रमा देवी प्रदेश के बड़े उद्योगपति राजेश अग्रहरि (राजेश मसाला) की पत्नी है।

### जेल में निरुद्ध आरोपित को राहत

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में जेल में निरुद्ध आरोपी आकाश सरोज को फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम के न्यायाधीश राकेश ने जमानत दे दी है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता दीपांशु निगम ने कहा कि, पीड़िता ने धन उगाही के लिए फर्जी केस दर्ज कराया है। आरोप है कि शिवगढ़ थाने के एक गांव की पीड़िता के साथ गांव के ही आरोपी आकाश सरोज ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया था और 50 हजार रुपये भी ले लिया था। बाद में आरोपी शादी करने से मुकर गया था और पीड़िता को धमकाया था।

### फर्जीवाड़ा में कोर्ट ने दिया केस दर्ज करने का आदेश

**संवाददाता, सुलतानपुर :** फर्जीवाड़ा कर परिवार रजिस्टर में नाम जोड़ने के मामले में सीजेएम नवनीत सिंह ने अमेठी जिले के मुंशीगंज थाने के सराय खेमा गांव निवासी रवि शंकर शुक्ल की अर्जी पर गांव के विजय शंकर शुक्ल,कमलेश कुमारी, सतीश कुमार शुक्ल व आशीष शुक्ल और बालीपुर डुहिया निवासी तारकेश्वर तिवारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। सीजेएम ने यह आदेश वादी मुकदमा रवि शंकर शुक्ल के अधिवक्ता अंकुर पांडेय की बहस सुनने के बाद दिया है। रवि शंकर ने अर्जी में आरोप लगाया है कि उनके मकान नंबर के परिवार रजिस्टर में पैसे के प्रभाव में आकर मनमानी तरीके से ग्राम विकास अधिकारी संदीप सोनकर व मुकेश कुमार ने आशीष शुक्ल, सतीश शुक्ल व आशीष शुक्ल की पत्नी अर्चना शुक्ला का नाम दर्ज कर दिया है। पुलिस के मुकदमा नहीं दर्ज करने पर पीड़ित रवि शंकर शुक्ल ने अदालत की शरण ली थी।

### सुनील प्रधान हत्याकांड में बहस चार अप्रैल को

अमेठी जिले के मुंशीगंज थाना क्षेत्र स्थित ग्राम टंडवा में वर्ष 2018 में हुए बहुचर्चित प्रधान सुनील कुमार उर्फ सोनू हत्याकांड में एडीजे द्वितीय की अदालत में सुनवाई जारी है। गवाही की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब अदालत ने मामले में बहस के लिए 4 अप्रैल की तारीख निर्धारित की है।

अभियोजन पक्ष से वादी के अधिवक्ता अखिलेश शुक्ल के अनुसार, 16 जनवरी 2018 की शाम प्रधान सुनील कुमार पर भुसियावा-शाहगढ़ मार्ग पर धारदार हथियार व गोली से हमला कर हत्या कर दी गई थी। मामले में नामजद सहित कुल छह आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई थी, जिनमें से एक आरोपी का मामला अलग न्यायालय में विचाराधीन है, जबकि शेष पांच आरोपियों पर एडीजे द्वितीय राकेश पांडेय की अदालत में सुनवाई चल रही है।

### संग्रह अमीन हत्याकांड में सफाई साक्ष्य टला, अब 30 मार्च को सुनवाई

बहुचर्चित संग्रह अमीन सुरेश यादव व उनके भतीजे बृजेश यादव हत्याकांड में गुरुवार को प्रस्तावित सफाई साक्ष्य की कार्रवाई नहीं हो सकी। अदालत ने अब मामले में सफाई साक्ष्य के लिए अगली तारीख 30 मार्च निर्धारित की है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया इससे पूर्व न्यायाधीश संध्या चौधरी की अदालत में 13 आरोपियों के बयान दर्ज किए जा चुके हैं, जबकि दो आरोपियों के बयान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कराए गए थे। सफाई साक्ष्य में कारवाई नियत है। मामला अमेठी जनपद के मुसाफिरखाना क्षेत्र में वर्ष 2023 में हुई दोहरे हत्याकांड से जुड़ा है।

### आम्बेडकर की प्रतिमा खंडित, क्षेत्र में तनाव

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के भटमई चौकी अंतर्गत ग्राम अकोड़ी में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा खंडित किए जाने का मामला सामने आने से क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। क्षेत्राधिकारी जयसिंहपुर रामकृष्ण चतुर्वेदी ने बताया कि अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है तथा उनकी पहचान के लिए जांच की जा रही है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है और आश्वासन दिया है कि दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एहतियातन गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है, जिससे स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।

# आरोपियों की तलाश में पुलिस डाल रही ताबड़तोड़ दबिश

● मुख्य हत्यारोपी समेत कई संदिग्धों से हुई पूछताछ, अन्य की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कुड़वार थाना क्षेत्र में रास्ते के विवाद को लेकर हुई माता प्रसाद पांडेय की हत्या के मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। घटना के दूसरे दिन गुरुवार को पुलिस ने नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई स्थानों पर ताबड़तोड़ दबिश दी। हालांकि खबर लिखे जाने तक किसी की गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं हो सकी थी। पुलिस के अनुसार, मामले की गंभीरता को देखते हुए कई टीमों का गठन किया गया है। सर्विलांस और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीमें आरोपियों के संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही हैं। कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी की जा रही है। उधर, पोस्टमार्टम के बाद मृतक माता प्रसाद पांडेय का शव गुरुवार को उनके गांव पूरे बेनी माधव (नरवापार) पहुंचा, जहां परिजनों में कोहराम मच गया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी में गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया। परिजनों का आरोप है कि नामजद आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं, जिससे परिवार में दहशत का माहौल बना हुआ है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से जल्द गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग की है। ज्ञात हो कि बुधवार शाम कुड़वार कस्बे में प्रॉपर्टी के रास्ते के विवाद में दो बाइक सवार हमलावरों ने माता प्रसाद पांडेय की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने तीन नामजद समेत एक अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# छात्रा आरवी बनीं एक दिन की बीएसए

भदैंया, सुलतानपुर



अरवी पांडेय बनीं एक दिन की बीएसए। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** विकासखंड भदैंया के जूनियर हाई स्कूल अभियाकला की कक्षा 8 की छात्रा आरवी पांडेय को एक दिन के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) बनने का अवसर मिला। छात्रा की इस उपलब्धि से विद्यालय, परिवार और पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

आरवी पांडेय, शैलेश पांडे की पुत्री हैं और ग्राम बेला सदा की निवासी हैं। उनके पिता मुंबई में ड्राइवर के रूप में कार्यरत हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद आरवी ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। बताया जाता है कि हाल ही में अयोध्या में आयोजित मंडल स्तरीय

● मंडल स्तरीय कला प्रतियोगिता में कर चुकी हैं उत्कृष्ट प्रदर्शन

कला प्रतियोगिता में आरवी पांडे ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सम्मान प्राप्त किया था। उनकी इसी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उन्हें एक दिन के लिए बीएसए की जिम्मेदारी सौंपी गई।

इस दौरान आरवी पांडे ने शिक्षा विभाग के कार्यों की जानकारी ली और विद्यालयों से संबंधित व्यवस्थाओं को समझा। कार्यक्रम में बीएसए उपेंद्र गुप्ता भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में आरवी को सम्मानित भी किया गया।

### सनबीम स्कूल को मिले दो अवार्ड

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** शहर के प्रतिष्ठित सनबीम स्कूल सुलतानपुर ने अपनी उत्कृष्ट शैक्षिक व्यवस्था एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के लिए दो महत्वपूर्ण पुरस्कार हासिल कर जिले का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय को 'पैरेंट-टीचर-स्टूडेंट एंगेजमेंट अवार्ड' तथा 'सिक्योरिटी एंड सेफ्टी चैंपियन अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के निदेशक अनिरुद्ध गुप्ता एवं प्रधानाचार्या डॉ. शरणजीत कौर ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान विद्यालय के शिक्षकों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और विद्यार्थियों के निरंतर प्रयास का परिणाम है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है, साथ ही अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाती है। विद्यालय परिसर में सुरक्षा और संरक्षा के उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए भी निरंतर प्रयास किए जाते हैं, जिससे बच्चों को सुरक्षित और सकारात्मक वातावरण मिल सके। विद्यालय प्रशासन ने इस सफलता का श्रेय पूरे विद्यालय परिवार को देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करते रहने का संकल्प व्यक्त किया है। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है।

# एसडीएम ने पेट्रोल पंपों का किया निरीक्षण

● एसडीएम ने पंप संचालकों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

बल्दीराय, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी के निर्देश पर गुरुवार को उपजिलाधिकारी प्रवीण कुमार ने तहसील क्षेत्र के पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सभी पंपों पर पेट्रोल व डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध पाया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनपद में ईंधन की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और किसी प्रकार की कमी नहीं है।

एसडीएम प्रवीण कुमार ने सुंदरा देवी पेट्रोल पंप नन्दौली तथा कलावती किसान सेवा केंद्र लोहरिया का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने पंप संचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।



पेट्रोल पंपों का निरीक्षण करते एसडीएम।

### गैस एजेंसियों का जायजा लेकर दिए दिशा निर्देश

**अखंड नगर, सुलतानपुर :** पेट्रोल-डीजल व घरेलू गैस की किल्लत की अफवाहों के बीच एसडीएम कादीपुर उत्तम कुमार तिवारी ने पेट्रोल पंपों व गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण किया। जांच में आपूर्ति पूरी तरह सामान्य पाई गई। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और व्यवस्था पर भरोसा रखने की अपील की।

उन्होंने आमजन से अपील की कि पेट्रोल-डीजल की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों पर ध्यान न दें और आवश्यकता अनुसार ही ईंधन खरीदें, ताकि आपूर्ति व्यवस्था सुचारू बनी रहे। किसी भी समस्या की स्थिति में जिला पूर्ति कार्यालय के कंट्रोल रूम नंबर पर संपर्क करने की सलाह दी गई है।

### एटीएम मशीन में फसा कार्ड खाते से उड़े 58 हजार

**संवाददाता सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली नगर क्षेत्र में एटीएम ठगी का मामला सामने आया है, जहां जालसाजों ने एक युवक को झांसा देकर उसके खाते से 58,059 रुपये पार कर दिए। महुअरिया निवासी शहजाद खान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 15 मार्च 2026 की सुबह करीब 9 :30 बजे अमहट स्थित एसबीआई एटीएम पर पैसे निकालने गए थे। इसी दौरान उनका कार्ड मशीन में फंस गया। पास खड़े दो अज्ञात युवकों ने मदद का भरोसा दिलाकर चालाकी से उनका एटीएम पिन जान लिया और कार्ड भी बदल लिया। कुछ देर बाद शहजाद के मोबाइल पर खाते से पैसे निकलने के मैसेज आने लगे। आरोप है कि जालसाजों ने चार बार में 15,000, 10,000, 15,144 और 17,915 .09 रुपये निकाल लिए। शहजाद ने बताया कि एटीएम से कार्ड नहीं मिलने पर वह वहां से लौट आए थे, लेकिन बाद में ठगी का एहसास हुआ। मामले की शिकायत कोतवाली नगर पुलिस से की गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज जांच शुरू कर दी है और एटीएम के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैने अपना नाम ASHISH KUMAR से बदलकर ASHISH KUMAR MODI रख लिया है। भविष्य मे मुझे ASHISH KUMAR MODI के नाम से जाना व पहचाना जाये। C/0-HARIHAR PRASAD MODI ADD-KH NO-65 H-NO-135 GOLMOHAR COLONY, BHAISORA, KHARGAPUR PO-CHINHAT DIST-LUCKNOW-226028(U.P.)

**सूचना**

मेरा इंटरमीडिएट प्रमाण पत्र वर्ष 2019 अनुक्रमांक 1105133 वास्तव में कहीं खो गया है। **सुशील कुमार पुत्र शिवकुमार नि0 ग्रा0 खुदियापुर मौजा रामपुर मझिला, तिर्वा, कन्नौज।**

**सूचना**

मैंने अपना नाम RAMIZ से बदल कर MOHAMMAD RAMIZ रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O: AATIF IQBAL R/O: 656/24, SUSHMA NAGAR UNITY CITY BHADURPUR KURSI ROAD VIKAS NAGAR LUCKNOW UTTAR PRADESH 226022

**सूचना**

मैं सिद्धार्थ वर्मा पुत्र श्री विक्रमादित्य वर्मा निवासी- C- 163/5 हरिहर नगर इंदिरा नगर लखनऊ, अपने पुत्र नैमिष वर्मा जिसका आधार संख्या 829801021688 है का नाम नैमिष वर्मा से बदल कर विवान वर्मा करने की घोषणा करता हूँ। भविष्य में इनके सभी स्कूल और सरकारी दस्तावेजों में इनका नाम नैमिष वर्मा से बदलकर विवान वर्मा रहेगा ।

**सूचना**

**मैं रीद्धि बरेजा पत्नी श्री ब्रजेश बरेजा निवासिनी- 561/15, सिंधु नगर, कृष्णा नगर, बिहाईड लखनऊ हॉस्पिटल, मानस नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226023 ,** विवाह से पूर्व मेरा नाम जिम्मी सहगल पुत्री श्री सतीश सहगल था। विवाह पश्चात मेरा नाम रीद्धि बरेजा पत्नी श्री ब्रजेश बरेजा हो गया है। उक्त दोनो नाम जिम्मी सहगल व रीद्धि बरेजा मेरे ही है, जिसे रीद्धि बरेजा के नाम से ही जाना जाये और माना जाये, जो कि सत्य व सही है।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे दादा (पिता के भाई) रामलौट सुत महाबीर की मृत्यु दिनांक 29.01.2013 को घर पर ही ग्राम रवनिया पूरब (पूरे गजाधर), पोस्ट अलीगंज बाजार, वि0ख0 कुडवार, तहसील सदर जिला सुलतानपुर में हुई थी, जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र अभी तक नहीं बनवाया गया है। मुझे अपने उपरोक्त दादा के मृत्यु प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। अतः मुझे मेरे दादा जी का मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदान किया जाये। **प्रदीप कुमार पुत्र राम अवध ग्राम रवनिया पूरब (पूरे गजाधर) पोस्ट अलीगंज बाजार, वि0ख0 कुडवार, तहसील सदर, जिला सुलतानपुर।**

**सूचना**

**मैं राम सांवरे पुत्र बुद्धू, निवासी-ग्राम विशुनपुर खुर्द पो0 बकसैला तह0 कर्नलगंज थाना उमरीबेगमगंज जिला गोण्डा,** मेरे आधार कार्ड व पहचान पत्र में राम संवारे है तथा पुत्र के पासपोर्ट में राम संवारी यादव अंकित हो गया है।, यहकि राम संवारे तथा राम संवारी यादव दोनो नाम मेरे ही है इस नाम का और कोई व्यक्ति पूरे ग्राम सभा में नहीं है। अतः मेरे पुत्र के पासपोर्ट में राम संवारी यादव के स्थान पर राम सांवरे अंकित किया जाय।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र सूरज का व्यवहार, घरेलू एवं सामाजिक व पारिवारिक प्रतिष्ठा के विपरीत है। वह न तो कहना मानता है और न ही मेरी देखभाल में सहयोग करता है। हमेशा घर से बाहर जाना, और अपने अन्य आवारा किस्म के लोगो के साथ उठना-बैठना है वह शारीरिक मानसिक व आर्थिक रूप से भी प्रताड़ित करता है जिससे तंग आकर मैने अपने पुत्र सूरज को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है तथा अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है, अब उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य से मेरा व परिवार वालों से कोई वास्ता व सरोकार नहीं है, उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **राम आधार पुत्र पललू निवासी- मानपुर लाला, जगदीशपुर, जनपद-लखनऊ उ0प्र0- 227202**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र मिथुन व पुत्रवधू माया व उनकी पुत्रिया का व्यवहार, घरेलू एवं सामाजिक व पारिवारिक प्रतिष्ठा के विपरीत है। पुत्र व पुत्रवधू न तो मेरा कहना मानते है और न ही मेरी देखभाल में सहयोग करते है तथा मेरा व परिवार वालों के प्रति अत्यधिक क्रूरतापूर्वक, असामाजिक तरीके से पेश आते है शारीरिक मानसिक व आर्थिक रूप से भी प्रताड़ित कर रहे है जिससे तंग आकर मैने अपने पुत्र मिथुन व पुत्रवधू माया व उनकी तीनो पुत्रियों को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है और मैने अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है, अब उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य से मेरा व परिवार वालों से कोई वास्ता व सरोकार नहीं है, उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **राम आधार पुत्र पललू निवासी- मानपुर लाला, जगदीशपुर, जनपद- लखनऊ उ0प्र0- 227202**

# धूमधाम से मना विद्यालय का वार्षिकोत्सव

संवाददाता, सुलतानपुर



वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में शामिल बच्चे। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** लम्भुआ क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय धोपाप में वार्षिकोत्सव एवं नवआरंभ उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसके बाद छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

प्रधानाध्यापिका प्रतिमा सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में सहायक अध्यापकगण गरिमा मिश्रा, अरुण निषाद, राजेश गुप्ता, दुर्गेश कसौधन एवं कुमुदकांत मिश्र का विशेष योगदान रहा। शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों ने नृत्य, गीत,

● छात्रों की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सबका मन मोहा

नाटक और कविताओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया, जिसकी सभी ने सराहना की। नव आरंभ उत्सव के अंतर्गत नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। साथ ही उनकी उंगलियों के निशान लेकर उसे स्मृति के रूप में सुरक्षित रखा गया, जिससे विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल बन गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावकों की उपस्थिति रही।

### सामूहिक विवाह में एक-दूजे के हुए 197 जोड़े

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत गुरुवार को ब्लॉक परिसर में भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 197 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे। आयोजन में 193 जोड़ों ने हिंदू रीति-रिवाज से सात फेरे लिए, तीन मुस्लिम जोड़ों का निकाह संपन्न हुआ, जबकि एक सिख जोड़े का विवाह आनंद कारज परंपरा के अनुसार हुआ। कार्यक्रम ने सामाजिक समरसता और एकता की मिसाल पेश की। समारोह में बड़ी संख्या में परिजन, जनप्रतिनिधि और क्षेत्रीय लोग शामिल हुए। इस दौरान मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष उषा सिंह ने कहा कि यह योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए बड़ी राहत है, जिससे बेटियों के विवाह में आर्थिक सहयोग मिलता है। अंत में नवविवाहित जोड़ों को प्रमाण-पत्र व उपहार देकर विदा किया गया।



विकास कार्यों का लोकार्पण करते विधायक-नपां अध्यक्ष। ● अमृत विचार

### 1.31 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** नगर पंचायत दोस्तपुर में करीब एक करोड़ 31 लाख रुपये की लागत से कराए गए 19 विकास कार्यों का गुरुवार को भव्य लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक राजेश गौतम एवं नगर पंचायत अध्यक्ष शकुंतला रमेश सोनकर की अध्यक्षता में फीता काटकर योजनाओं का शुभारंभ किया गया। लोकार्पित कार्यों में वंदन योजना, राज्य वित्त एवं पंद्रहवें वित्त आयोग के अंतर्गत सीसी मार्ग, इंटरलॉकिंग सड़क, आरसीसी नाली निर्माण तथा प्राचीन शिव मंदिर के सौंदर्यीकरण जैसे महत्वपूर्ण विकास कार्य शामिल हैं। इन योजनाओं से क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष प्रतिनिधि रमेश सोनकर, सभासदगण, मनोनीत सदस्य बालमुकुंद मौर्य, रविशंकर पाठक आदि मौजूद रहे।

धर्म-कर्म

## मां काली के जयकारों से गूंज उठा मंदिर का कोना-कोना, परिसर में लगा मेला बना रहा आकर्षण का केंद्र

# अष्टमी पर सुबह से ही मां काली मंदिर में लगने लगी श्रद्धालुओं की भीड़

विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर



मां काली के दर्शन के लिए लाइन में लगे श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** चैत्र नवरात्रि के अष्टमी पर्व पर समरथपुर स्थित प्राचीन मां काली मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगने लगी। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं, जहां महिलाएं, पुरुष और बच्चे श्रद्धा के साथ मां काली के दर्शन-पूजन करते नजर आए।

अष्टमी के पावन अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने मां के दरबार में मत्था टेककर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर घंटों और शंखनाद की गूंज के साथ जय मां काली के जयकारों से भक्तिमय बना रहा, जिससे पूरा वातावरण आस्था से सराबोर हो उठा। मंदिर परिसर में लगे मेले ने भी आकर्षण का केंद्र बना रहा। विभिन्न दुकानों पर महिलाओं और युवतियों ने जमकर खरीदारी की, वहीं बच्चों के लिए लगे झूले और खिलौनों की दुकानों पर भी भीड़ उमड़ी रही। पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुओं ने बताया कि मां काली के दरबार में सच्चे मन से मांगी गई हर मन्नत पूरी होती है।

### देवीभागवत कथा के सप्तम दिवस पर उमड़े आस्थावान

**संवाददाता, सुलतानपुर :** कुशभवनपुर के कटका बाजार में अंजनी माता संकीर्तन सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित नवदिवसीय श्रीमद् देवीभागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के सप्तम दिवस पर बुधवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पूरा वातावरण भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा। कथा के दौरान गाए गए लोकगीत "नयनवा हे मैया बड़ा नीक लागे" ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। श्रीधाम अयोध्या से पधारी साध्वी सीता देवी ने अपने ओजस्वी प्रवचनों में धर्म, सत्य और सदाचार का महत्व बताया। उन्होंने राजा हरिश्चंद्र और महर्षि विश्वामित्र के प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि सत्य ही सर्वोपरि धर्म है और विपरीत परिस्थितियों में भी इसका त्याग नहीं करना चाहिए। त्रिशंकु प्रसंग के माध्यम से उन्होंने आत्महत्या को गलत बताते हुए धैर्य, सत्कर्म और ईश्वर में विश्वास रखने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में मुख्य यजमान डॉ. लोकेश आदित्य से विधिवत पूजन व आरती कराई गई। इस अवसर पर डॉ. सौरभ मिश्र, सचिन द्विवेदी, राजकुमार मिश्र, अमरनाथ मिश्र व मिंटू सिंह प्रधान सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। अंत में माता पार्वती जन्म की भव्य झांकी प्रस्तुत की गई और सामूहिक आरती के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।



श्रीमद् देवीभागवत महापुराण कथा कहती कथा व्यास।

न्यूज ब्रीफ

### थाल प्रतियोगिता में पूजा ने मारी बाजी

**गोंडा, अमृत विचार :** नगर पंचायत परसपुर के राजपुर मोहल्ला स्थित गूंगी भवानी मंदिर परिसर में मां गूँगी भवानी सेवा समिति के तत्वावधान में बुधवार की देर शाम को थाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।जिसमें निर्णायक की भूमिका में बतौर मुख्य अतिथि चेयरमैन वासुदेव सिंह, सभासद प्रशान्त शुक्ला अंशू तथा तेज प्रताप सिंह रहे। निर्णायक मण्डल द्वारा सभी थाल का अवलोकन करने के पश्चात विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम के प्रबंधक सुभाष तिवारी ने बताया कि थाल प्रतियोगिता के दौरान 110 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया जिसमें पूजा यज्ञसैनी ने प्रथम, कुसुम सोनी द्वितीय तथा तृतीय स्थान अनमोल सोनी ने प्राप्त किया।

### महिलाओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**करनैलगंज, गोंडा :** कोतवाली करनैलगंज पुलिस ने मिशन शक्ति अभियान 5 .0 के तहत गुरुवार को बाबा बटोरा धाम मेले में जागरूकता कार्यक्रम चलाया। चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन आयोजित इस कार्यक्रम में एंटी रोमियो व मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति सचेत किया। प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र प्रताप राय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छेड़छाड़, दहेज उत्पीड़न, बाल अपराध व एसिड अटैक जैसी घटनाओं से बचाव के उपाय बताए। साथ ही सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति केंद्रों की जानकारी दी गई। महिलाओं को आपात स्थिति में सहायता के लिए 112, 1090, 181 व 1930 हेल्पलाइन नंबरों के उपयोग के बारे में भी बताया गया। पुलिस ने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत सूचना दें, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके।

# आधे पंप सूखे, जहां ईंधन उपलब्ध वहां लंबी कतारें

## डीजल-पेट्रोल के लिए घमासान, पंप संचालकों पर वसूली का आरोप

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** जिले में इन दिनों डीजल और पेट्रोल को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। हालात ऐसे बन गए हैं कि कई पेट्रोल पंपों पर पूरी तरह सन्नाटा पसरा है, जबकि जहां ईंधन उपलब्ध है वहां भारी भीड़ और अफरातफरी का माहौल देखने को मिल रहा है। जरूरतमंद उपभोक्ता घंटों लाइन में खड़े रहने को मजबूर हैं, वहीं इस स्थिति का फायदा उठाकर कुछ पंप संचालकों पर मनमानी और वसूली के आरोप भी लग रहे हैं।

बताया जा रहा है कि जिले के करीब आधे पेट्रोल पंपों पर डीजल-पेट्रोल की आपूर्ति ठप हो चुकी है। इसके चलते बाकी पंपों पर वाहनों की लंबी कतारें लग रही हैं। बढ़ती भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने कई पंपों पर पुलिस बल तैनात कर दिया है, फिर भी व्यवस्था पटरी पर नहीं आ पा रही है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि कई पेट्रोल पंप संचालक ऑनलाइन भुगतान लेने से मना कर रहे हैं और केवल नकद लेनदेन पर जोर दे रहे हैं। इतना ही नहीं, निर्धारित कीमत से कम ईंधन देकर अतिरिक्त वसूली की जा रही है। उदाहरण के तौर पर, 500 रुपये में मात्र 4.85 लीटर पेट्रोल दिया जा रहा है, जिससे प्रति ग्राहक 50 से 100 रुपये तक की कथित "कटौती" की जा रही है।


शर्मा पेट्रोल पंप पर रात 11 बजे लगी लाइन तथा व्यवस्था बनाते पुलिसकर्मी।

### प्रशासन का दावा, कोई किल्लत नहीं

जहां एक ओर जिला प्रशासन डीजल-पेट्रोल की कोई कमी न होने का दावा कर रहा है, वहीं जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आ रही है। पेट्रोल पंप संचालकों का कहना है कि डिपो से ईंधन की आपूर्ति कम हो रही है, लेकिन कोई भी अधिकारी इस पर खुलकर बोलने को तैयार नहीं है। कई संचालकों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उन्हें इस विषय पर कुछ भी कहने से मना किया गया है।

### डिपो शिफ्ट होने से बढ़ी परेशानी

जिले में कुल 213 पेट्रोल पंप संचालित हैं, जिनमें इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और रिलायंस के पंप शामिल हैं। इनमें सबसे अधिक संख्या इंडियन ऑयल के पंपों की है। बताया जा रहा है कि इंडियन ऑयल का स्थानीय डिपो स्थानांतरित हो जाने के कारण आपूर्ति प्रभावित हुई है। वर्तमान में जिले को मात्र 10 टैंकर ईंधन ही उपलब्ध कराया जा रहा है जो मांग के मुकाबले बेहद कम है।

**किसानों पर सबसे ज्यादा असर:** इस संकट का सबसे ज्यादा असर किसानों पर पड़ रहा है। इस समय गेहूं और सरसों की फसल कटाई व मड़ाई के लिए तैयार खड़ी है, लेकिन डीजल की कमी के कारण थ्रेसिंग और अन्य कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं। जिन किसानों की फसल कट चुकी है, वे भी मड़ाई नहीं करवा पा रहे हैं। ट्रैक्टर चालकों ने भी डीजल की अनुपलब्धता के चलते काम करने से हाथ खड़े करने शुरू कर दिए हैं। ईंधन की कमी का असर आम जनजीवन पर भी साफ दिख रहा है। सड़कों पर वाहनों की संख्या लगभग आधी रह गई है, जिससे यातायात और दैनिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। सड़क पर रोडवेज बसों का संचालन इक्का दुक्का दिखा।

# 10 भरे और 4 खाली गैस सिलेंडर बरामद

जांच में जुटा विभाग

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** घरेलू गैस सिलेंडर संकट से उपभोक्ता परेशान है, लेकिन कुछ लोग कालाबाजारी कर होटल में घरेलू गैस का उपयोग करने का प्रयास कर रहे हैं। बीती रात परसपुर पुलिस ने एक कार में रखकर ले जा रहे घरेलू गैस सिलेंडर को पकड़ा है। पुलिस ने पूर्ति विभाग को सूचना दी है। तरबगंज क्षेत्र की ओर से एक स्विफ्ट कार में तीन लोग सवार होकर जा रहे थे। पुलिस ने संदिग्ध अवस्था देखते हुए उनको रोक तो कार में 10 घरेलू सिलेंडर भरे हुए तथा चार खाली हुए रखे थे। पुलिस ने जब सिलेंडर को लेकर आवश्यक अभिलेख मांगे तो कार सवार युवक जवाब नहीं दे सके। गुरुवार सुबह इसकी सूचना पूर्ति विभाग को दी गई। क्षेत्रीय निरीक्षक ने टीम के साथ पहुंचकर पड़ताल किया तो जानकारी में आया कि तरबगंज क्षेत्र की चार गैस एजेंसी से गैस सिलेंडर लिए गए थे। जांच टीम पूरे मामले की रिपोर्ट जिला पूर्ति अधिकारी व जिला अधिकारी को देने के का रही है। माना जा रहा है कि जो सिलेंडर पुलिस ने पकड़े हैं वह कालाबाजारी के लिए जा रहे थे। जिलाधिकारी से अनुमोदन मिलने के बाद आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। जांच के दौरान पाया गया कि जो युवक सिलेंडर लेकर जा रहे थे वह लखनऊ जा रहा था उनसे जुड़े लोग होटल व रेस्टोरेंट चला रहे हैं। फिलहाल पूरे मामले में तरबगंज क्षेत्र की चार एजेंसियां जांच के घेरे में हैं। परसपुर थाना अध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि बीती रात एक कार से सिलेंडर लेकर कुछ लोग जा रहे थे। जब जांच पड़ताल की गई तो लोग अभिलेख नहीं दिखा सके। वाहन सहित सिलेंडर को कब्जे में ले लिया गया है। पूर्ति विभाग को सूचना दी गई थी। टीम जांच पड़ताल की है। रिपोर्ट मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। वहीं क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी शिव प्रकाश तिवारी ने बताया कि जांच पड़ताल की गई है। जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी जा रही है।


पकड़े गए सिलेंडर और आरोपी। अमृत विचार

# चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

**रुपईडीह, गोंडा:** अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए समाजवादी पार्टी ने कस्बा आर्य नगर कार्यालय स्थापित कर दिया है। इस नवस्थापित कार्यालय का कटरा बाजार के पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे ने फीता काटकर पूजा अर्चना के साथ उद्घाटन किया। पूजा अर्चना का कार्यक्रम सुप्रसिद्ध कथा वाचक मिथुन शुक्ल ने विधि विधान से कराया। संतोष कुमार तिवारी, भगवती मिश्र, सुरेश तिवारी, पवन कुमार तिवारी, अवनींद्र मिश्र, लव कुश चतुर्वेदी, माता बदल पांडेय, बड़कऊ पांडेय, रामदयाल तिवारी, शिवकुमार मिश्र, प्रमोद चतुर्वेदी, जनक राम यादव, रंजीत पाल आदि मौजूद रहे।

# कारोबार व मिड-डे-मील व्यवस्था बाधित

गैस संकट का असर

नवाबगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** क्षेत्र में गहराते गैस संकट ने अब आम जनजीवन के साथ-साथ छोटे कारोबारियों की कमर तोड़ दी है। फास्ट फूड, चाय-नाश्ते की दुकानों से लेकर होटल-ढाबों तक हर जगह सिलेंडर की कमी का असर साफ दिखाई दे रहा है। कई दुकानदारों को अपने प्रतिष्ठान बंद करने पड़े हैं, जबकि कुछ सीमित संसाधनों के सहारे जैसे-तैसे काम चला रहे हैं।

कस्बे में गैस सिलेंडर की अनुपलब्धता के कारण होटल और ढाबों के मेन्यू भी सिमट गए हैं। कमर्शियल सिलेंडर न मिलने से कारोबारियों को मजबूरी में पुराने विकल्प अपनाने पड़ रहे हैं। कई दुकानदार जहां गैस की तलाश में दुकानें बंद कर चुके हैं, वहीं कुछ ने कोयले की भट्टी बनाकर काम शुरू किया है। थाने चौराहे के पास होटल संचालक अशोक तिवारी ने बताया कि गैस किल्लत के चलते उन्हें करीब दस दिनों तक दुकान बंद रखनी पड़ी। सिलेंडर नहीं मिलने पर उन्होंने कोयले की भट्ठी बनाकर किसी तरह दोबारा काम शुरू किया, लेकिन खर्च बढ़ने और काम धीमा होने से परेशानी बनी हुई है। गैस संकट का असर केवल कारोबार तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा व्यवस्था भी इससे प्रभावित हो रही है। कोल्हमपुर इमाम स्थित कम्पोजिट विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका ममता पांडे ने बताया विद्यालय का सिलेंडर चोरी हो गया था। उन्होंने अस्थायी तौर पर घर का सिलेंडर इस्तेमाल किया, लेकिन पिछले एक सप्ताह से गैस न मिलने के कारण अब मिड-डे मील चूल्हे पर बन रहा है।


कोल्हमपुर विद्यालय में चूल्हे पर बन रहा मध्याह्न भोजन। अमृत विचार


महिलाओं और बेटियों को जागरूक करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

## महिलाओं को दी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी

**इटियाथोक, गोंडा :** मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति हो रहे अपराधों जैसे- छेड़छाड़, शोषण, दहेज उत्पीड़न, बाल अपराध, एसिड अटैक इत्यादि की रोकथाम के संबंध में प्रेरित कर जागरूक किया गया। मिशन शक्ति अभियान के तहत, व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए नेतृत्व में मिशन शक्ति / एंटी रोमियो टीम ने ग्राम नए गांव पारासराय में आयोजित कर बालिकाओं एवं महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान 5 .0 के बारे में विस्तृत जानकारी दी। महिलाओं- बच्चियों को प्रत्येक थाने पर स्थापित किए जा रहे मिशन शक्ति केंद्र के बारे में बताया गया। सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे- यूपी आपातकालीन सेवा-112, वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड लाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा 102, एंबुलेंस सेवा 108 इत्यादि से अवगत कराया गया तथा पंफलेट वितरित किया गया।

## चोरी की दो बाइकें बरामद

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** पुलिस ने वाहन चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए एक चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे व निशानदेही पर दो चोरी की बाइक बरामद की हैं। एक अन्य बाइक वह पहले ही नेपाल में बेच चुका है। कोतवाली देहात पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। सूचना पर पाण्डेय पुर चौराहे से जमदरा मार्ग पर एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम अभिषेक तिवारी पुत्र ननकन तिवारी निवासी दलपतपुर थाना मोतीगंज बताया। पुलिस के अनुसार, क्षेत्र में हाल के दिनों में मोटरसाइकिल चोरी की दो घटनाएं दर्ज हुई थीं। 28 फरवरी को बहलोलपुर गांव से स्प्लेंडर प्लस तथा 22 मार्च को एक अन्य व्यक्ति की मोटरसाइकिल चोरी कर ली गई थी। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने बहलोलपुर से चोरी की गई बाइक को नेपाल में 8000 रुपये में बेच दिया था, जबकि एक अन्य मोटरसाइकिल को बेचने की फिराक में था। इसके अलावा उसने जिला अस्पताल के पास से चोरी की गई एक और बाइक को झाड़ियों में छिपा रखा था, जिसे पुलिस ने उसकी निशानदेही पर बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से 3700 रुपये नकद भी बरामद किए हैं, जो चोरी की बाइक बेचने से प्राप्त बताए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपी पूर्व में भी वाहन चोरी के मामले में जेल जा चुका है।

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने बिखेरी छटा, मेधा का लहराया परचम

**मनकापुर, गोंडा:** कंपोजिट विद्यालय बंजरिया में वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए उपस्थित अभिभावकों व अतिथियों का मन मोह लिया। उत्सव का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ, जिसके बाद स्वागत गीत, एकांकी, कव्वाली, नृत्य, लोकगीत और प्रहसन जैसे रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। बेटी है अनमोल विषय पर प्रस्तुत कार्यक्रम को दर्शकों ने खूब सराहा। बच्चों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत पर दर्शक तालियों की गूंज से उनका उत्साहवर्धन करते नजर आए। वहीं छोटी छात्राओं द्वारा प्रस्तुत विदाई गीत ने माहौल को भावुक बना दिया, जिसे सुनकर छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षकों की आंखें नम हो गईं। कार्यक्रम स्थल को भी बच्चों ने आकर्षक ढंग से सजाया था, जिससे आयोजन की शोभा और बढ़ गई। कार्यक्रम के अंत तक दर्शक डटे रहे और बच्चों के प्रयासों की खुलकर सराहना की ।इस अवसर पर कक्षा 6 एवं 7 की छात्राओं ने कक्षा 8 की छात्राओं को उपहार भेंट किए। कई छात्राएं भावुक हो गयीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य पारसनाथ जायसवाल ने हाल ही में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं के विजेता छात्रों को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में वीरेंद्र तिवारी, अखिलेश चौबे, सूर्यभान राम, सतीश चौधरी, पुनीत कुमार, रतेंद्र शुक्ला, रविंद्र यादव, लालता प्रसाद, ममता उपाध्याय, मीनाक्षी सिंह एवं सावित्री मौजूद रहीं। संचालन पूजा मनमोहिनी ने किया।

## टिन शेड में घुसा गैस सिलेंडर से भरा ट्रक



टिन शेड में घुसा ट्रक। अमृत विचार

**परसपुर, गोंडा :** नगर पंचायत परसपुर के मुख्य चौराहे पर गैस सिलेंडर से लदा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने टिन शेड में जा घुसा। हादसे में एक फल व्यवसायी घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी तेज थी कि लोग दहशत में आ गए और अफरातफरी का माहौल बन गया। घटना के वक्त कई राहगीर और दुकानदार बाल-बाल बच गए। फल व्यवसायी अब्बास अली घायल हो गया। उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया।

## दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

**कटरा बाजार, गोंडा :** बृहस्पतिवार को कटरा बाजार पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा दिया है। प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव की महिला ने अपनी नाबालिग बेटी के साथ एक युवक पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था जिसमें आरोपी युवक के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। उपनिरीक्षक शुभम दूबे ने अभियुक्त सलमान को चूंटीपुर बाजार से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।


भाजपा के मीडिया प्रभारी का स्वागत करते चित्रगुप्त सभा के लोग। अमृत विचार

## भाजपा का जिला मीडिया प्रभारी बनने पर विवेक का स्वागत

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** भाजपा के कार्यकर्ता एवं सिविल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष विवेक मणि श्रीवास्तव को भाजपा का जिला मीडिया प्रभारी बनाए जाने पर श्री चित्रगुप्त सभा के अध्यक्ष अरविन्द कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने उनके आवास पहुँच कर बुके व माल्यार्पण कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। श्री चित्रगुप्त सभा के अध्यक्ष अरविन्द श्रीवास्तव गप्पू भैया ने कहा कि यह सम्मान समारोह समाज की एकता, सहयोग और सम्मान की भावना का प्रतीक है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष इकबाल बहादुर तिवारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने एक कर्मठ, ईमानदार एवं योग्य व्यक्ति को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर सराहनीय कार्य किया है। कार्यक्रम में पंकज सिन्हा, अश्वनी श्रीवास्तव गुरु जी, हर्षवर्धन नेहरू, गगन श्रीवास्तव, उपवन कंवल, ब्रजेश श्रीवास्तव, लक्ष्मी नारायण पाण्डेय, अजय श्रीवास्तव, अरविन्द सहाय, विवेक श्रीवास्तव, दिनेश श्रीवास्तव, सुशील मनोज कुमार श्रीवास्तव, अजय कुमार श्रीवास्तव, पवन कुमार, अवधेश कुमार श्रीवास्तव सहित कई अन्य रहे।

# 2688 स्थानों पर मनेगा श्रीराम जन्मोत्सव

विहिप ने बनाई व्यापक योजना

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** चैत्र रामनवमी के पावन अवसर पर आयोजित होने वाले श्री राम जन्मोत्सव को लेकर विश्व हिंदू परिषद ने इस वर्ष भी बड़े स्तर पर आयोजन की तैयारी की है। संगठन द्वारा जिलेभर में भव्य कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर ली गई है।

विहिप नेता राकेश वर्मा 'गुड्डू' ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के सभी प्रखंडों की ग्राम सभाओं, मजरों के साथ-साथ नगर क्षेत्र के मोहल्लों, वार्डों, मंदिरों, देवालयों एवं काली माता स्थलों पर भगवान श्रीराम के विग्रह एवं राम दरबार की स्थापना कर रामोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस वर्ष जिले के कुल 2688 स्थानों पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के तत्वावधान में श्री राम जन्मोत्सव कार्यक्रम संपन्न होंगे। इसके लिए आवश्यक बैठकें पूरी कर ली गई हैं और कार्यकर्ता व पदाधिकारी कार्यक्रमों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। राकेश वर्मा ने बताया कि अयोध्या की 84 कोसी परिक्रमा का लगभग 90 किलोमीटर क्षेत्र गोंडा जिले में आता है। ऐसे में इस परिक्रमा क्षेत्र के सभी प्रमुख पड़ावों और महत्वपूर्ण स्थानों पर भी हर्षोल्लास के साथ श्री राम जन्मोत्सव मनाया जाएगा।


गोंडा में स्थापित किए गए भगवान राम, लक्ष्मण, सीता व हनुमान के विग्रह। अमृत विचार

उन्होंने यह भी कहा कि अयोध्या से मंगवाई गई प्रभु श्रीराम की एकल विग्रह मूर्तियों एवं राम दरबार की स्थापना कर विशेष रूप से रामोत्सव का आयोजन किया जाएगा। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर रामलला के विराजमान होने के बाद लोगों में उत्साह और श्रद्धा और बढ़ी है। अंत में उन्होंने कहा कि आने वाले समय में दुर्गा पूजा की तरह गांव-गांव और मोहल्ले-मोहल्ले में श्री राम जन्मोत्सव का आयोजन कर पूरे देश को राममय बनाने का प्रयास किया जाएगा।

## पूर्व होमगार्ड कमांडेंट के निधन से शोक



**नवाबगंज, गोंडा :** क्षेत्र के गढ़ी ग्राम सभा निवासी व अयोध्या जनपद में होमगार्ड कमांडेंट पद से सेवानिवृत्त समाजसेवी भगवान बक्श सिंह (87) का बुधवार की देर रात उपचार के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया। गढ़ी ग्राम सभा निवासी भगवान बक्श सिंह लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। बुधवार को तबीयत अधिक बिगड़ने पर परिजन उन्हें अयोध्या मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक के पुत्र राकेश सिंह ने बताया कि अंतिम संस्कार गुरुवार को अयोध्या के सरयू घाट पर किया जाएगा। सूचना मिलने पर केंद्रीय राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह के प्रतिनिधि कमलेश पांडेय, मनकापुर विधायक प्रतिनिधि वेद प्रकाश दुबे, जिला पंचायत सदस्य अमरीश दत्त सिंह, नवाबगंज तृतीय के प्रतिनिधि अभिषेक सिंह, प्रधान दुर्जनपुर मो. इलियास, भानू प्रताप सिंह ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

## भक्तों को कराया कथा का रसपान


कथा कहतीं देवी ऋषिता।

**खरगूपुर, गोंडा :** भटपी के बाबा पुरवा गांव में आयोजित शतचंडी महायज्ञ व श्री राम कथा में प्रवाचक देवी ऋषिता ने श्रोताओं को राम व भारद्वाज का संवाद भरत का चित्रकूट प्रस्थान के कथा का रसपान कराया। कहा कि भगवान ने महर्षि भारद्वाज से पूछा कि कोई ऐसा स्थल बताएं, जहां वह अपने वनवास का समय व्यतीत कर सकें। महर्षि ने उन्हें चित्रकूट को उचित स्थान कहा। गोस्वामी तुलसीदास ने कहा है-'चित्रकूट गिरि करहु निवासू, जहं तुम्हार हर भांति सुपासू।' महर्षि वाल्मीकि ने भी उन्हें यही राय दी और मत्यगयेन्द्रनाथ की आराधना के बाद भगवान राम चित्रकूट के निवासी बन गए। प्रवाचक ने कदमगिरि के बारे में कहा कि 'कामदगिरि भे राम प्रसादा, अवलोकत अपहरत विषादा।' अर्थात कामदगिरि स्वयं राम के प्रसाद बन गए और उनके दर्शन मात्र से विषाद तिरोहित हो जाते हैं।

## दहेज हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**गोंडा, अमृत विचार :** कोतवाली देहात पुलिस ने दहेज हत्या के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को ठकुरापुर मोड़ के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। थाना कोतवाली देहात में दर्ज मुकदमा दहेज प्रतिषेध अधिनियम से संबंधित आरोपी हरिकेश गोस्वामी पुत्र शशि कुमार उर्फ बब्बू गोस्वामी निवासी ठकुरापुर डीहा को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, वादिनी मिथला देवी पत्नी श्याम मुरारी निवासी लालपुर चन्द्रभान थाना कोतवाली नगर ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उन्होंने अपनी पुत्री की शादी करीब चार वर्ष पूर्व हरिकेश गोस्वामी से की थी। शादी के बाद से ही पति व ससुरालीजन नगदी, मोटरसाइकिल, जेवर व भैंस की मांग को लेकर उसकी पुत्री को प्रताड़ित कर रहे थे। आरोप है 12 जनवरी को दहेज की मांग पूरी न होने पर आरोपियों ने उनकी पुत्री की हत्या कर दी। इस संबंध में पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक उपेन्द्र कुमार सिंह व कांस्टेबल मनोज कुमार यादव शामिल रहे।

आस्था

मां महागौरी के जयकारों से गूंजा खैरा भवानी व काली भवानी मंदिर

# अष्टमी पर देवी मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** देवी आराधना के महापर्व नवरात्र की अष्टमी पर बृहस्पतिवार को जिले के देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। जिले के पौराणिक खैरा भवानी मंदिर और काली भवानी मंदिर पूरे दिन मां के जयकारों, घंटा-घड़ियाल और वैदिक मंत्रोच्चार से गूंजते रहे। सुबह से ही हजारों श्रद्धालुओं ने मां के दरबार में हाजिरी लगाई और नारियल, चुनरी व पुष्प अर्पित कर सुख-समृद्धि व सौभाग्य की कामना की। नवरात्र के आठवें दिन मां दुर्गा के अष्टम स्वरूप मां महागौरी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। धार्मिक मान्यता के अनुसार मां महागौरी का वर्ण अत्यंत गौर होने के कारण उन्हें यह नाम प्राप्त हुआ। कहा जाता है कि कठोर तपस्या के बाद मां ने गौर वर्ण प्राप्त किया था, तभी से उन्हें उज्ज्वला स्वरूपा, धन-ऐश्वर्य प्रदायिनी और त्रैलोक्य पूज्या के रूप में पूजा जाता है। श्रद्धालुओं ने मां से शारीरिक, मानसिक और सांसारिक कष्टों के निवारण की प्रार्थना की। अष्टमी पर्व पर श्रद्धा और आस्था से सराबोर साधकों ने व्रत रखकर हवन-पूजन किया। कई स्थानों पर कन्या पूजन का आयोजन हुआ, जिसमें कन्याओं को भोजन कराकर आशीर्वाद लिया गया। दिन भर मंदिर परिसर में महिलाओं, युवतियों और परिवारों की भारी भीड़ रही। बड़ी संख्या में महिलाएं और युवतियां पैदल चलकर मंदिर पहुंचीं और मां महागौरी के समक्ष व्रत-संकल्प लेकर मन्नतें मांगीं। मंदिरों के बाहर फूल-माला, नारियल, चुनरी और प्रसाद की दुकानें सजी रहीं, जहां दिन भर खरीदारी का सिलसिला चलता रहा। अखंड सौभाग्य और पारिवारिक सुख-शांति के लिए मां को चुनरी अर्पित की।


खैरा भवानी मंदिर में दर्शन करते श्रद्धालु। अमृत विचार

# पुलिस की गिरफ्त में किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म का आरोपी

**खरगूपुर, गोंडा:** आठ माह पूर्व किशोरी का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म किए जाने व आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार का जेल रवाना किया। इस मामले में लापरवाही बरतने पर आईजी देवीपाटन मंडल ने सप्ताह भर पूर्व प्रभारी निरीक्षक को निलंबित कर दिया था। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला की नाबालिग बेटी को 15 जुलाई 2025 को बलरामपुर जिले के थाना गैड़ास बुजुर्ग के नगवा गांव निवासी आरोपी विनय कुमार अपहरण कर ले गया था। पुलिस ने किशोरी की मां की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध अपहरण, दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर आरोपी को 21 जुलाई 2025 को जेल भेज दिया था। एक माह बाद जमानत पर रिहा होने पर उसने 29 दिसंबर 2025 को किशोरी का आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस पर पीड़िता की मां ने आईजी से शिकायत की। आईजी अमित पाठक ने आरोपी के विरुद्ध खरगूपुर पुलिस को कार्रवाई करने का निर्देश दिया। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जिस पर उसने पुनः आईजी से मिलकर शिकायत की। इसे गंभीरता से लेते हुए आईजी स्वयं 17 मार्च को स्थानीय थाना पहुंचे।

# चैत्र नवरात्र की अष्टमी पर उमड़ा आस्था का सैलाब

## विभिन्न जिलों से 200 किमी की पदयात्रा कर देवीपाटन मंदिर पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने टेका मत्था, सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम



देवीपाटन धाम पहुंचा भुजवा समाज के श्रद्धालुओं का जत्था। अमृत विचार



देवीपाटन धाम में दर्शन के लिए लगी श्रद्धालुओं की भीड़। अमृत विचार

संवाददाता तुलसीपुर, बलरामपुर

**अमृत विचारः** सुप्रसिद्ध शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में चैत्र नवरात्र की अष्टमी पर भुजवा समाज के हजारों श्रद्धालुओं ने मां पाटेश्वरी के दर्शन कर श्रद्धा अर्पित की। अयोध्या, रुदौली, बाराबंकी, गोंडा, लखनऊ व बलरामपुर समेत विभिन्न जिलों से आए श्रद्धालुओं ने करीब 200 किलोमीटर की कठिन पदयात्रा पूरी कर मंदिर पहुंचकर मत्था टेका।

यह परंपरागत यात्रा नवरात्र की द्वितीया से प्रारंभ होती है, जिसका नेतृत्व महंत शत्रुघ्न भुजवा द्वारा किया जाता है। मान्यता है कि यह परंपरा 11 पीढ़ियों से निरंतर चली आ रही है। श्रद्धालुओं के अनुसार, मां के आशीर्वाद से ही यह यात्रा प्रारंभ हुई थी, जिसे आज भी पूरी श्रद्धा से निभाया जा रहा है। मंदिर पहुंचने पर पदयात्रियों का स्थानीय नागरिकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने सूर्यकुंड में स्नान कर मां पाटेश्वरी के दर्शन किए। इस दौरान विशेष व्यवस्था के तहत कुछ समय के लिए आम दर्शन बंद रखे गए ताकि पदयात्रियों को सुविधा मिल सके। मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं के ठहरने और दर्शन की समुचित व्यवस्था की। महंत मिथिलेश नाथ योगी ने बताया कि दूर-दराज से आए भक्तों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया। देर रात विशाल हवन का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु आहुति देकर मनोकामना पूर्ति की कामना करेंगे।

**सिसई में हुआ भव्य स्वागत, भंडारे की व्यवस्थाः** पदयात्रा के दौरान सिसई स्थित विद्यालय परिसर में भुजवा समाज के श्रद्धालुओं का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। बुधवार रात यहां उनके ठहरने की व्यवस्था स्थानीय लोगों द्वारा की गई थी। भंडारे का आयोजन भी किया गया। धर्म प्रकाश पांडेय ने बताया परंपरा वर्षों से चली आ रही है और हर साल भुजवा समाज के लोगों के ठहराव पर भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस व्यवस्था में शेष नारायण, राजकुमार पांडेय, लक्ष्मी शंकर शुक्ल और विवेक समेत कई लोगों का विशेष योगदान रहा। अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए। महाअष्टमी के इस अवसर पर देवीपाटन धाम में उमड़ी आस्था की यह भीड़ न सिर्फ धार्मिक परंपरा का प्रतीक बनी, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत को भी मजबूती देती नजर आई।

# भुजवा समाज के पारंपरिक मेले में दिखा श्रद्धा और आस्था का संगम

संवाददाता बलरामपुर

**अमृत विचारः** चैत्र नवरात्र के महाअष्टमी पर्व पर शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में भुजवा समाज का पारंपरिक मेला आस्था, श्रद्धा और सामाजिक एकता का अद्भुत उदाहरण बनकर सामने आया। दूर-दराज के जिलों अयोध्या, बाराबंकी, अमेठी, सुलतानपुर, प्रतापगढ़, सीतापुर और गोंडा से हजारों श्रद्धालु पांच दिन की पदयात्रा पूरी कर मां पाटेश्वरी के दरबार में पहुंचे और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। सदियों से चली आ रही इस परंपरा में भुजवा समाज की आस्था, अनुशासन और सामूहिकता साफ झलकती है। मंदिर परिसर में पहुंचने पर सुरक्षा व्यवस्था के तहत कुछ समय के लिए अन्य श्रद्धालुओं के दर्शन रोके गए और भुजवा समाज के लोगों को प्राथमिकता दी गई। श्रद्धालुओं ने पहले सूरजकुंड में स्नान कर आस्था की डुबकी लगाई, इसके बाद भीगे वस्त्रों में साष्टांग दंडवत करते हुए माता के दरबार में पहुंचकर परिक्रमा की और मनोकामनाएं मांगीं। मेला स्थल पर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के महामंत्री रूप चंद्र गुप्त ने पदाधिकारियों व स्थानीय नागरिकों के साथ श्रद्धालुओं का माल्यार्पण कर अंगवस्त्र भेंट करते हुए भव्य स्वागत किया। पूरे क्षेत्र में जयकारों और भक्ति गीतों से वातावरण गूंजता रहा। यात्रा मार्ग पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस दौरान राधेश्याम चौरसिया, जय सिंह, कुंदन लाल, रजनीश गुप्ता, रामदास गुप्ता, कृष्ण गोपाल बाबा, मुरारी लाल, स्वामी दयाल, सूरज और संतोष गुप्त आदि मौजूद रहे।

## तीन दोषियों को 8-8 साल की सजा

**बलरामपुर, अमृत विचार :** साइकिल बेचने के विवाद में हुई गैर-इरादतन हत्या के मामले में न्यायालय ने तीन अभियुक्तों को दोषी ठहराते हुए प्रत्येक को 8-8 वर्ष के सश्रम कारावास और 15-15 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह फैसला ऑपरेशन कनविक्शन के तहत प्रभावी पैरवी का परिणाम माना जा रहा है। मामला 30 जुलाई 2022 का है, जब थाना पचपेड़वा क्षेत्र के भैसहवा निवासी लल्लाराम के पुत्र के साथ विवाद के दौरान मारपीट की गई थी। गंभीर चोट लगने के बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। इस संबंध में रामधनी, भोला और किशुन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में मामले की सशक्त पैरवी की गई। अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय, डीजीसी क्रिमिनल कुलदीप सिंह व मॉनीटरिंग सेल की टीम के प्रयासों से न्यायालय में ठोस साक्ष्य प्रस्तुत किए गए। न्यायालय ने तीनों आरोपियों को दोषी मानते हुए सजा सुनाई साथ ही अर्थदंड भी लगाया।

## साहिल हत्याकांड का खुलासा, चार गिरफ्तार

**तरबगंज, गोंडा :** बिशनपुर गांव निवासी साहिल हत्याकांड का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर चार आरोपियों को आलाकत्ल सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसपी विनीत जायसवाल के निर्देश पर सीओ उमेश्वर प्रभात सिंह के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी की टीम ने आरोपियों को जगदम्बा डिग्री कॉलेज के पास से पकड़ा। साहिल मंगलवार शाम घर से निकला था, बुधवार सुबह रोहुआ गांव के पास तालाब किनारे उसका शव मिला था। पुलिस के अनुसार एक युवती से संबंध के विवाद में चार युवकों ने डंडों से पीटकर उसकी हत्या कर दी।

## संदिग्ध हालात में पीडब्ल्यूडी क्लर्क की मौत



**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र के पटेल नगर मोहल्ले में उस समय सनसनी फैल गई, जब 52 वर्षीय पीडब्ल्यूडी क्लर्क संतोष कुमार का शव उनके घर के कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी। बताया जाता है कि संतोष कुमार लोक निर्माण विभाग (खंड-2) में क्लर्क के पद पर तैनात थे और घर में अकेले रहते थे। गुरुवार को पूरे दिन उनके बाहर न निकलने और घर का दरवाजा अंदर से बंद होने पर पड़ोसियों को आशंका हुई। इसके बाद स्थानीय लोगों ने नगर कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने परिजनों को अवगत कराते हुए दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया, जहां संतोष कुमार का शव कमरे में बिस्तर पर पड़ा मिला। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में चर्चा का माहौल बन गया। इसके बाद पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर मौके से साक्ष्य संकलन कराया। शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। नगर कोतवाल बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस मृतक के मोबाइल कॉल डिटेल खंगालने के साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है।

## आग से 4 घरों की गृहस्थी राख, लाखों की क्षति



आग में जलने से बर्बाद हुई घर गृहस्थी। अमृत विचार

**महराजगंज तराई, बलरामपुर :** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम रमनगरा में बुधवार शाम करीब 6 बजे अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग ने चार परिवारों की गृहस्थी को पल भर में राख कर दिया। घटना से गांव में अफरा-तफरी मच गई और पीड़ित परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीण लालजी वर्मा के अनुसार आग सबसे पहले उनके पशुशाला में लगी, जहां रखा चारा, मशीन, बैलगाड़ी और अन्य सामान जलकर नष्ट हो गया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पास के घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में अनीता देवी, नानबाबू और रामजी के घरों में रखा कपड़ा, अनाज, बर्तन समेत पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई। आग की तेज लपटों के कारण लोग अपने सामान तक नहीं बचा सके और जान बचाकर बाहर भागे। सूचना मिलते ही अग्निशमन दल मौके पर पहुंचा। ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। क्षेत्रीय लेखपाल मनीष कुमार ने बताया कि नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है, ताकि पीड़ितों को जल्द राहत मिल सके। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत और मायूसी का माहौल है।

## कार ने दो बच्चों को रौंदा, एक की हालत गंभीर

**नवाबगंज, गोंडा :** थाना क्षेत्र के लौव्वाबीरपुर गांव में गुरुवार की सुबह तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे जा रहे दो मासूम बच्चों को टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक कार सहित मौके से फरार हो गया। घायल बच्चों के पिता बाबादीन के अनुसार, गुरुवार सुबह करीब 11 बजे उनकी 6 वर्षीय बेटी पीहू और 4 वर्षीय बेटा कार्तिक घर के सामने सड़क किनारे जा रहे थे। तभी नवाबगंज से दुर्जनपुर की ओर जा रही अनियंत्रित कार ने दोनों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजनों ने दोनों बच्चों को तत्काल कस्बे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पीहू की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे अयोध्या के एक निजी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं कार्तिक का इलाज कस्बे के उसी अस्पताल में जारी है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिली है। तहरीर मिलने पर मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



गुड्डे-गुड़िया की शादी में मौजूद बालिकाएं। अमृत विचार

## बेटियों ने दिया संदेश, छोड़ें दहेज, अपनाएं सादगी

**उतरौला, बलरामपुर :** मोहल्ला पटेल नगर में बच्चियों द्वारा आयोजित गुड्डे-गुड़िया की अनोखी शादी न केवल आकर्षण का केंद्र बनी, बल्कि समाज को जागरूक करने वाली मिसाल भी साबित हुई। मरहूम नाजिम सिद्दीकी के आवास पर तीन दिनों तक पारंपरिक अंदाज़ में संपन्न इस आयोजन ने यह दिखाया कि नई पीढ़ी सामाजिक बदलाव के लिए कितनी सजग है। 25 मार्च 2026 को बच्चियों ने मुस्लिम रीति-रिवाजों के अनुसार शादी कराई और वलीमे का आयोजन भी किया। इस दौरान उनकी रचनात्मकता के साथ सामाजिक समझ भी साफ झलकी। गौहर फातमा ने दहेज़ प्रथा को समाप्त करने की अपील की, वहीं इन्नामा ने फिजूलखर्ची पर रोक लगाने की बात कही। हुमैरा ने पिता की भावनाओं को समझने का संदेश दिया, जबकि आयत, जोया और सामिया ने इस आयोजन को समाज को सही दिशा देने का माध्यम बताया। बच्चियों के इन विचारों ने उपस्थित अभिभावकों को भावुक कर दिया। सभी ने एक स्वर में कहा कि इतनी कम उम्र में इतना परिपक्व संदेश देना सराहनीय है। यह पहल स्पष्ट करती है कि बदलाव की शुरुआत घर और बच्चों से ही होती है। बच्चियों ने यह साबित कर दिया कि बेटियां समाज की ताकत हैं और उनके विचारों को मंच मिलना चाहिए।

## ईंधन गैस की कोई किल्लत नहीं, बरतें संयमः प्रशासन

**उतरौला, बलरामपुरः** क्षेत्र में इन दिनों गैस सिलेंडर और पेट्रोल-डीजल को लेकर फैली अफवाहों ने आमजन में चिंता और भ्रम की स्थिति पैदा कर दी है। गैस एजेंसियों और पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें इस बात का संकेत हैं कि लोग आशंकाओं के चलते जरूरत से अधिक खरीदारी कर रहे हैं। पटेल नगर निवासी हामिद सहित कई उपभोक्ताओं ने बताया कि गैस सिलेंडर की बुकिंग के बाद भी समय पर डिलीवरी नहीं हो रही, जिससे लोगों को असुविधा झेलनी पड़ रही है। कुछ परिवारों को मजबूरी में वैकल्पिक साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है। वहीं पेट्रोल पंपों पर भी सुबह से देर रात तक भीड़ बनी हुई है। बोर्ड परीक्षाओं की कॉपियों के मूल्यांकन में लगे शिक्षकों को भी ईंधन के लिए लंबी लाइनों में लगना पड़ रहा है, जिससे उनके कार्य पर असर पड़ रहा है। भीड़ के चलते कुछ स्थानों पर कहासुनी और विवाद की घटनाएं भी सामने आई हैं। हालांकि प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ईंधन और गैस की कोई वास्तविक कमी नहीं है। यह स्थिति केवल अफवाहों के कारण उत्पन्न हुई है। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे घबराएं नहीं धैर्य रखें।

# मान्यता 8वीं तक लेकिन पढ़ाई हो रही 12वीं की, जड़ा गया ताला

**कर्नलगंज, गोंडाः** डीएम प्रियंका निरंजन के निर्देश पर गठित तीन सदस्यीय टीम ने कर्नलगंज स्थित केजीएन पब्लिक स्कूल पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से संचालित कक्षाओं को बंद करा दिया है। जांच में बड़ा खुलासा हुआ है, 8वीं की मान्यता 12वीं तक की पढ़ाई कराई जा रही थी। डीएम द्वारा गठित त्रिस्तरीय समिति जिसकी अध्यक्षता एसडीएम नेहा मिश्रा कर रही थीं और जिसमें बीएसए व डीआईओएस सदस्य के रूप में शामिल थे ने विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान यह चौंकाने वाली सच्चाई सामने आई कि विद्यालय के पास केवल कक्षा 8 तक की ही मान्यता थी, लेकिन प्रबंधन नियमों को ताक पर रखकर यहाँ कक्षा 12 तक का इंटर कॉलेज संचालित कर रहा था। साक्ष्यों की पुष्टि होने के बाद, एसडीएम ने गैर-मान्यता प्राप्त कक्षाओं के संचालन को रोकने का सख्त आदेश दिया और स्कूल के मुख्य द्वार पर इस आशय का सरकारी नोटिस चस्पा कर दिया। प्रशासनिक सख्ती यहीं नहीं थमी। एसडीएम नेहा मिश्रा ने जानकारी दी कि नियमों के घोर उल्लंघन के लिए विद्यालय प्रबंधन पर एक लाख रुपये का आर्थिक दंड लगाया जा रहा है। इस जुर्माने का आधिकारिक नोटिस जारी किया जा रहा। कहा किशासन के अग्रिम आदेशों तक अवैध कक्षाओं का संचालन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। कहा कि बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी संस्थान को रियायत नहीं दी जाएगी। शासन की मंशा के अनुरूप अवैध शैक्षणिक गतिविधियों पर यह कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई से क्षेत्र के अन्य अवैध रूप से चल रहे शिक्षण संस्थानों में हड़कंप मच गया है। एसडीएम ने बताया कि कक्षा नौ की एक छात्रा ने शिकायत की थी। जिसमें उसने परवेज नाम के लड़के पर इंस्टाग्राम पर अश्लील संदेश भेजने का आरोप लगाया था। इस मामले में कार्रवाई भी की गई थी।

## अफवाहों से बढ़ी खपत, पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति सामान्य : प्रशासन

**संवाददाता उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार :** जनपद में पेट्रोल एवं डीजल की कमी की चर्चाओं के बीच प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ईंधन की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य और सुचारु बनी हुई है। कहीं भी वास्तविक कमी की स्थिति नहीं है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार 25 मार्च को अफवाहों के चलते पैनिक बाइंग देखी गई, जिससे सामान्य दिनों की तुलना में पेट्रोल और डीजल की खपत लगभग तीन गुना तक बढ़ गई। इसके बावजूद आईओसीएल, बीपीसीएल और एचपीसीएल के कुल 88 पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त ईंधन उपलब्ध रहा, जो मजबूत आपूर्ति व्यवस्था को दर्शाता है। 26 मार्च की सुबह 10 बजे तक जनपद में पेट्रोल का 1,95,300 लीटर और डीजल का 2,05,200 लीटर स्टॉक उपलब्ध है। इसके साथ ही 4-5 दिनों का पर्याप्त भंडार मौजूद है, जबकि अतिरिक्त 2-3 दिनों का स्टॉक ट्रांजिट में है। प्रशासन ने बताया कि तेल कंपनियों के साथ निरंतर समन्वय कर टैंकरों के माध्यम से नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। जिन पेट्रोल पंपों पर स्टॉक कम हुआ है, वहां प्राथमिकता के आधार पर आपूर्ति की जा रही है। साथ ही जमाखोरी और अनियमित बिक्री पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और आवश्यकता अनुसार ही ईंधन की खरीद करें ताकि किसी को भी असुविधा का सामना नहीं करना पड़े साथ ही व्यवस्था भी सुचारू बनी रहे।

## मिट्टी खनन से हड़कंप, प्रशासन की कार्यशैली पर उठे गंभीर सवाल

**गैंड़ास बुजुर्ग, बलरामपुर, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम फत्तेपुर में अवैध मिट्टी खनन का मामला सामने आने से प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि थाना कोतवाली उतरौला क्षेत्र में खुलेआम नियमों की अनदेखी कर मिट्टी का खनन किया जा रहा है, जिससे सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचने के साथ-साथ पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, कई बार मौखिक शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे खनन में लिप्त लोगों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं। उन्होंने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। जानकार बताते हैं कि बिना वैध अनुमति खनन करना खनिज विकास एवं विनियमन अधिनियम, 1957 तथा प्रदेश की खनन नीति का उल्लंघन है। ऐसे मामलों में जुर्माना, मशीनरी जब्ती और एफआईआर दर्ज कर जेल तक की कार्रवाई का प्रावधान है। विशेषज्ञों का कहना है कि अवैध खनन से भूमि कटाव, उपजाऊ जमीन की क्षति और जल स्तर में गिरावट जैसी गंभीर समस्याएं उत्पन्न होती हैं। समय रहते रोक न लगाई गई तो क्षेत्र की पारिस्थितिकी पर दूरगामी दुष्प्रभाव पड़ सकते हैं।

# सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ चला अभियान

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवकों ने सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन के लिए व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया। शिविर स्थल से चयनित गांव बंगरहवा, परेड सरकार, नेवलगंज और बनकटाचार्य गंज तक स्वयंसेवकों ने जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर ग्रामीणों को बाल विवाह, लैंगिक भेदभाव, दहेज प्रथा, अशिक्षा, नशाखोरी, जुआ एवं मद्यपान जैसी सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने के लिए प्रेरित किया। सर्वे कार्य के उपरांत स्वयं सेवकों ने समय माता मंदिर परिसर में साफ-सफाई अभियान चलाया और वहीं बैठकर भजन-कीर्तन भी किया। भोजन के बाद आयोजित बौद्धिक सत्र में कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर आर.बी.एस. बघेल ने की। मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत राज अधिकारी लाल जी दूबे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष प्रधान संघ गोंडा उमापति त्रिपाठी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी पवन कुमार सिंह, डॉ. चमन कौर, डॉ. परवेज आलम एवं डॉ. दिलीप शुक्ल ने अतिथियों का अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।



एनएसएस शिविर में संगीत कार्यक्रम में उपस्थित छात्राएं। अमृत विचार

# राम-सीता विवाह झांकी देख झूमे भक्त

श्रीराम कथा

संवाददाता जरवा, बलरामपुर

**अमृत विचारः** सीमा क्षेत्र के ग्राम जनकपुर स्थित मुक्तेश्वर नाथ महादेव मंदिर में चल रही श्रीराम कथा के सातवें दिन भक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिला। अयोध्या से पधारे कथावाचक सर्वेश महाराज ने राम-सीता विवाह प्रसंग का सजीव वर्णन किया, जिसे देख श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा के दौरान राम बारात, धनुष यज्ञ और विवाह की भव्य झांकी प्रस्तुत की गई। जैसे ही वरमाला का प्रसंग आया, पूरा पंडाल जयकारों और भक्ति गीतों से गूंज उठा। भक्तों ने भजनों की धुन पर नृत्य करते हुए अपनी आस्था प्रकट की और कई श्रद्धालुओं ने करतब भी दिखाए। मंदिर के पुजारी प्रदीप पांडे ने बताया कि भारत से जनकपुर (नेपाल) तक सीता-राम विवाह बारात की परंपरा हमारी आस्था और सांस्कृतिक जुड़ाव का प्रतीक है। इसी तरह दांग के चौखड़ा से रतन नाथ की यात्रा तुलसीपुर (भारत) तक पहुंचती है, जो दोनों देशों की साझा धार्मिक विरासत को दर्शाती है। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अदनान फिरोज, आशीष सिंह, मिथिलेश तिवारी, प्रधान नीरज मिश्र समेत अनेक श्रद्धालुओं ने झांकी का पूजन कर आरती उतारी। पूरा क्षेत्र भक्ति और उत्साह के रंग में सराबोर नजर आया।



राम बारात में उमड़ी श्रद्धालुओं के भीड़। अमृत विचार



कथा के दौरान श्रीकृष्ण-रुक्मणि विवाह का दृश्य। अमृत विचार

## श्रीमद्भागवत कथा में बही भक्ति की रसधार

**नवाबगंज, गोंडा :** लौव्वाबीरपुर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ मुख्य यजमान सूर्यलाल तिवारी एवं शिव देवी ने पार्वती वंदना एवं धूप-आरती कर किया। कथा प्रवाचक पं. मनीष चंद्र त्रिपाठी ने श्रीकृष्ण की लीलाओं में रुक्मिणी हरण, कालयवन वध तथा द्वारिका पुरी की स्थापना का वर्णन किया। कथा सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा प्रवाचक ने बताया विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी ने श्रीकृष्ण को ही अपना सर्वस्व मान लिया था। विपरीत परिस्थितियों में भी उनकी अटूट भक्ति रंग लाई और भगवान ने विवाह मंडप से उनका हरण कर भक्त की लाज रखी। यह प्रसंग सिखाता है कि सच्चे प्रेम और विश्वास से भगवान स्वयं भक्त की रक्षा करते हैं। कथा के समापन पर संतकबीरनगर में एसडीएम पद पर कार्यरत हृदयराम तिवारी ने पिता सूर्यलाल तिवारी व माता शिव देवी के साथ श्रीकृष्ण एवं देवी रुक्मणी के प्रतीक में सजाई गई झांकी का पूजन-अर्चन किया।

**श्रीमती धनपता मौर्या स्मारक (एस0डी0एम0एस0) महाविद्यालय**
रसूलपुर लिलहा, अयोध्या (उ0प्र0)

सम्बद्धः डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत आवश्यकता है-
परास्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय (एम0एस-सी0) पाठ्यक्रम हेतु गणित, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, एवं भौतिक विज्ञान तथा परास्नातक स्तर पर कला संकाय (एम0ए0) पाठ्यक्रम हेतु शिक्षाशास्त्र पाठ्यक्रम हेतु प्रत्येक विषय में 03-03 पद प्रवक्ताओ की।
**योग्यता व वेतनमान -** यूजीसी एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार ।
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथी से 10 दिनो के भीतर अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखो की स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ महाविद्यालय के पते पर संपर्क करे।
भवदीय
**प्रबंधक**

**बाबू तीर्थराज स्मारक महाविद्यालय,**
देवरिया बुर्जुग, अम्बेडकरनगर
में आवश्यकता है :-
प्राचार्य 01 पद, स्नातक स्तर पर बी0ए0 पाठ्यक्रम में (अर्थशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, अंग्रेजी) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता-02 पद तथा बी0बी0ए0 पाठ्यक्रम में प्रवक्ता 3 पद तथा बी0एस0सी0 कृषि पाठ्यक्रम में प्रवक्ता-06 पद
**पदों की संख्या आवश्यकता पड़ने पर घटाई व बढ़ाई जा सकती है।**
**योग्यता एवं वेतनमान –** यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी 21 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व-हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।
प्रबन्धक- **विकास यादव**
मो0नं0-8917095416

**बिहारी लाल स्मारक किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय,**
आमादरवेशपुर, अम्बेडकरनगर
में आवश्यकता है :-
प्राचार्य 01 पद, स्नातक स्तर पर बी0एस0सी0 कृषि पाठ्यक्रम में प्रवक्ता-06 पद तथा बी0बी0ए0 एवं बी0सी0ए0 पाठ्यक्रम में प्रवक्ता 3-3 पद
पदों की संख्या आवश्यकता पड़ने पर घटाई व बढ़ाई जा सकती है।
**योग्यता एवं वेतनमान –** यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी 21 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व-हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।
प्रबन्धक- **वेद प्रकाश गोपाल**
मो0नं0-9450992928

# अफवाहों के बीच पेट्रोल पंपों पर उमड़ी लोगों की भारी भीड़

## मची अफरा-तफरी: लोग अपनी गाड़ियों की टंकियां फुल कराने और अतिरिक्त स्टॉक जमा करने की होड़ में लगे रहे, प्रशासन ने की धैर्य रखने की अपील

पयागपुर (बहराइच)

**अमृत विचार।** स्थानीय क्षेत्र में ईंधन की कमी को लेकर फैली अफवाहों ने आम जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। पिछले कुछ घंटों से क्षेत्र के लगभग सभी पेट्रोल पंपों पर ट्रैक्टर, कार और मोटरसाइकिलों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं।

पेट्रोल न मिलने की अफवाह के बीच लोग अपनी गाड़ियों की टंकियां फुल कराने और अतिरिक्त स्टॉक जमा करने की होड़ में लगे रहे। वहीं भीड़ और अफरा-तफरी की स्थिति को देखते हुए स्थानीय प्रशासन और पुलिस मुस्तैद हो गई है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में ईंधन की कोई कमी नहीं है और लोग अफवाहों पर ध्यान न दें।

**पेट्रोल पंपों पर पुलिस निगरानी में हुआ वितरण:** बहराइच जनपद में पेट्रोल और डीजल की कमी की अफवाहों के चलते गुरुवार को नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के कई पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग अपने दोपहिया और चारपहिया वाहनों के साथ पेट्रोल पंपों पर पहुंचने लगे, जिससे कई स्थानों पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। नगर के झींगहा घाट और टिकोरा मोड़ के पास स्थित पेट्रोल पंपों के अलावा ग्रामीण इलाकों के पंपों पर भी लोगों की लंबी कतारें देखी गईं। भीड़ इतनी अधिक थी कि लोगों को घंटों इंतजार के बाद ही तेल मिल पा रहा था। स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए कई जगहों पर पुलिस बल तैनात किया गया, जिसने लोगों को लाइन में लगाकर वितरण व्यवस्था को संभाला। इस दौरान कुछ लोगों में घबराहट भी देखी गई, जो जल्द से जल्द अपने वाहनों में तेल भरवाना चाहते थे। हालांकि, अधिकारियों ने साफ किया कि यह स्थिति केवल अफवाहों के कारण उत्पन्न हुई है और जिले में किसी प्रकार की तेल की कमी नहीं है।

वहीं जिला पूर्ति अधिकारी नरेंद्र तिवारी ने बताया कि पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है और कंपनियों की ओर से नियमित आपूर्ति जारी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक भीड़ न लगाएं। दूसरी ओर पेट्रोल पंप संचालकों ने भी पुष्टि की कि उनके पास पर्याप्त मात्रा में ईंधन उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि अफवाहों के कारण ही लोग एक साथ बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं, जिससे अस्थायी रूप से दबाव बढ़ रहा है। प्रशासन ने लोगों से संयम बनाए रखने और आवश्यकतानुसार ही तेल लेने की सलाह दी है।

**एसडीएम व सीओ ने संभाली तेल वितरण की कमान, कैसरगंज:** तहसील क्षेत्र में पेट्रोल-डीजल को लेकर फैल रही अफवाहों के बीच पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आया।उपजिलाधिकारी अखिलेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी सीओ धीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव तथा थानाध्यक्ष राजेश कुमार स्वयं मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाएं संभालीं।अधिकारियों ने पेट्रोल पंपों पर पहुंचकर लोगों से शांति बनाए रखने और अनावश्यक भीड़ न लगाने की अपील की। साथ ही यह स्पष्ट किया गया कि तेल की कोई कमी नहीं है अफवाहों पर ध्यान न दें। पुलिस बल की मौजूदगी में कतारबद्ध तरीके से वाहनों को पेट्रोल-डीजल उपलब्ध कराया गया।प्रशासन की तत्परता से हालात जल्द ही नियंत्रण में आ गए और लोगों ने राहत की सांस ली। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



ईंधन भरवाने को लेकर पेट्रोल पंप पर लगी वाहनों की भीड़। अमृत विचार

### समस्या को लकर क्या बोले जिम्मेदार



अश्वनी पांडेय।



ललित पाठक।



दीपक सिंह।

लोगों की समस्या को देखते हुए एसडीएम अश्वनी पांडेय ने जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि सभी पेट्रोल पंपों पर सप्लाई सुचारू है। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि ईंधन की जमाखोरी न करें, यह केवल अव्यवस्था पैदा कर रहा है। वहीं खाद एवं रसद विभाग की ओर से पूर्ति निरीक्षक ललित पाठक ने बताया कि विभाग लगातार पंप संचालकों के संपर्क में है। उन्होंने जनता से अनुरोध किया है कि वे धैर्य रखें और केवल आवश्यकतानुसार ही पेट्रोल-डीजल लें। उधर, पयागपुर थानाध्यक्ष दीपक सिंह ने स्वयं मोर्चा संभालते हुए लोगों से अपील की है कि वे पेट्रोल पंपों पर बेवजह भीड़ न लगाएं। उन्होंने कहा कि ईंधन का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है, इसलिए जमाखोरी करने की आवश्यकता नहीं है।

### शहर के दो पेट्रोल पंपों पर खत्म हुआ पेट्रोल व डीजल, वाहनों की लगी रहीं लंबी कतारें

**बहराइच।** बहराइच जनपद में पेट्रोल और डीजल की कमी की अगवाह पर गुरुवार को नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के कई पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान नगर में स्थित कई पेट्रोल पंपों पर तेल खत्म होने से स्थिति विकट हो गई। हालांकि शाम को तेल आने के बाद स्थिति कुछ सामान्य हुई है। लेकिन इसके बाद भी शहर के डिगिहा इलाके में पेट्रोल की किल्लत चलते दो पेट्रोल पंपों को बंद करना पड़ा। नगर के चांद पूरा, टिकोरा मोड़ व सुखदेव राज पेट्रोल पंप पर शाम को तेल लेने के लिए वाहनों की लंबी कतारें लगी हुई है। वही शहर में स्थित के बी पेट्रोलियम व इंडियन आयल के दो फिलिंग स्टेशनों पर तेल खत्म होने के चलते उन्हें बंद करना पड़ा है। हालांकि जिला पूर्ति अधिकारी नरेंद्र तिवारी का कहना है कि जनपद में पेट्रोल व डीजल की कोई किल्लत नहीं है। लोगों के बड़ी संख्या में पंपों पर पहुंचने से अफरा तफरी के हालात है। उन्होंने लोगों से अफवाहों से दूर रहने की अपील की है।

### पेट्रोल खत्म होने की अफवाह से मचा हड़कंप



चिल्हरिया मोड़ स्थित पेट्रोल पंप पर लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** ईरान, इजराइल व अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध में भले ही भारत शामिल न हो, लेकिन वहां गिरने वाले बमों व मिसाइलों की आंच अब तराई तक पहुंचने लगी है। रसोई गैस की मारामारी के बाद अब किसी ने अफवाह फैला दिया कि पेट्रोल की भी कमी हो गई है। ऐसे में देर रात से ही पेट्रोल पंपों पर वाहनों की कतार लग गई। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को मोर्चा संभालना पड़ा है। ईरान युद्ध के बीच अराजक तत्व भी सक्रिय है। जिनके द्वारा पहले रसोई गैस और अब पेट्रोल खत्म होने की झूठी खबर सोशल मीडिया के माध्यम से फैलाई जा रही है। इसका असर अब जिले में भी दिखने लगा है। लोग पेट्रोल खत्म न हो या उसका दाम न बढ़े इसके डर से अपने वाहन लेकर पेट्रोल पंप पहुंच रहे है। बुधवार देर शाम से ही भिनगा, सिरसिया, इकौना, गिलौला, जमुनहा, मल्हीपुर, बदला सहित जिले के अन्य क्षेत्र के पेट्रोल पंपों पर वाहनों की भीड़ देखी जा रही है। जिला प्रशासन की ओर ओर से लगातार अपील की जा रही है कि जिले में डीजल व पेट्रोल पर्याप्त मात्रा में मौजूद है। कैसी को भी इसकी कमी नहीं होने दी जाएगी। वहीं पेट्रोल पंप संचालक भी लोगों से अपील कर रहे है कि तेल की कोई कमी नहीं है लोग संयम बरते। इसके बाद भी लोग मानने को तैयार नहीं है। ऐसे में पेट्रोल पंपों पर शांति व्यवस्था बनी रहे। इसके लिए स्थानीय पुलिस ने भी मोर्चा संभाल लिया है। साथ ही पुलिस लोगों से अफवाह में न पड़ने व अफवाह से दूर रहने की अपील भी कर रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### विश्व ब्राह्मण कल्याण परिषद के जिलाध्यक्ष बने पं. पुंडरीक पांडेय



**बहराइच।** विश्व ब्राह्मण कल्याण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र व राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सतीश शर्मा की अनुमति से पं. पुंडरीक पांडेय को बहराइच का संयोजक व जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। यह जानकारी अवध प्रांत के अध्यक्ष आनंद कुमार अवस्थी ने दिया है। पुंडरीक के मनोनयन से ब्राह्मण समाज में हर्ष व्याप्त है।

### छेड़छाड़ के आरोपी को पुलिस ने जेल भेजा

**सिरसिया (श्रावस्ती):** सिरसिया थाना क्षेत्र के गुलरा निवासी हैदर अली पुत्र अब्दुल अजीज ने एक किशोरी से छेड़छाड़ की थी। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी हैदर अली के विरुद्ध पोक्सो समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया था। आरोपी वांछित चल रहा था जिसकी पुलिस तलाश कर रही थी। बुधवार को सिरसिया थानाध्यक्ष शैलकांत उपाध्याय ने टीम के साथ मिलकर मुखबिर की सूचना पर आरोपी हैदर अली को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तरी टीम में थानाध्यक्ष के साथ उपनिरीक्षक आदर्श मौर्य व मुख्य आरक्षी विवेक कुमार शामिल रहे।

### युवक लापता, पुलिस को दी गई तहरीर

**श्रावस्ती:** भिनगा कोतवाली के भिनगा नगर स्थित बारी तिलक नगर मोहल्ला निवासी अनिल चौरसिया ने कोतवाली भिनगा में भाई के गुमुशुदगी की तहरीर दी है। अनिल ने बताया कि 20 मार्च को सुबह उसका बड़ा भाई संतोष चौरसिया इंडियन बैंक शाखा भिनगा जाने के लिए घर से निकला था। तब से वापस घर नहीं लौटा है। उसके मोबाइल पर फोन मिलाने पर सम्पर्क नहीं हो रहा है। काफी तलाश के बाद भी उसका कहीं सुराग नहीं लग रहा है। इससे परिजन परेशान हैं। अनिल ने गुमुशदगी दर्ज की भाई की खोज कराने की मांग की है।

### चाकू रखने के दो दोषियों पर जुर्माना

**श्रावस्ती:** गिलौला पुलिस ने ककरा निवासी रामगोपाल पासी पुत्र सकटू पासी को 2005 में चाकू के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था। वहीं सिरसिया पुलिस ने 2007 में परसा देवतहा के चिड़िमारपुरवा निवासी राधेश्याम पुत्र नानमून को चाकू के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मामले में गुरुवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट दिलीप कुमार साहनी ने दोनों दोषियों को जेल में बिताई अवधि का दंड, न्यायालय उठने तक की कैद व प्रत्येक को 500 रुपए के जुर्माने से दंडित किया।

### यातायात नियम तोड़ने वालों पर करें कार्रवाई

**श्रावस्ती:** एएसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन स्थित यातायात कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान एएसपी मुकेश चंद्र उत्तम ने गुरुवार को संबंधित कर्मियों को यातायात व्यवस्थाओं को और अधिक सुचारू व सुरक्षित बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालय में उपलब्ध संसाधनों, वाहनों की स्थिति व कर्मचारियों की ड्यूटी व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी करें।

## प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात कर महामंत्री ने समस्याओं को बताया

बाबागंज (बहराइच)

**अमृत विचार।** रूपईडीहा मंडल के महामंत्री नरेंद्र बहादुर सिंह ने लखनऊ में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से मुलाकात कर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। इस दौरान उन्होंने मंडल की वर्तमान स्थिति, संगठनात्मक गतिविधियों और स्थानीय जनसमस्याओं की जानकारी दी।

उन्होंने इंडो-नेपाल सीमा से सटे क्षेत्र की विशेष परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए मूलभूत सुविधाओं के अभाव, सुरक्षा व्यवस्था और विकास कार्यों में तेजी लाने की आवश्यकता पर जोर दिया। बहादुर सिंह ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए विशेष योजनाएं लागू की जानी चाहिए, जिससे आम लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कार्यकर्ताओं की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाने की बात भी कही। वहीं प्रदेश अध्यक्ष ने सभी मुद्दों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया।



प्रदेश अध्यक्ष को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करते मंडल महामंत्री नरेंद्र बहादुर सिंह।

## उत्सव भवन का विधायक और जिलाधिकारी ने किया भूमि पूजन

इकौना (श्रावस्ती)

**अमृत विचार।** नवरात्र के अष्टमी पर गुरुवार को इकौना के ग्राम टंडवा महंत में उत्सव भवन का भूमि पूजन हुआ। इस दौरान श्रावस्ती विधायक डीएम व सीडीओ ने भूमि पूजन के साथ पवित्र सीताद्वार झील की सफाई भी किया।

इस दौरान विधायक राम फेरन पाण्डेय ने कहा कि उत्सव भवन का निर्माण क्षेत्र के सांस्कृतिक एवं सामाजिक आयोजनों को नई दिशा प्रदान करेगा। इससे क्षेत्र के लोगों को अपने समारोहों के लिए एक अच्छा स्थान मिलेगा, जहां वह अपने रीतिराजों और परंपराओं को मनाने के लिए इकट्ठे हो सकते हैं। डीएम अश्विनी कुमार पांडेय ने कहा कि यह उत्सव भवन क्षेत्र के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे न केवल सांस्कृतिक आयोजनों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि सामाजिक एकता भी बढ़ेगी। सीडीओ शाहिद अहमद ने कहा कि यह उत्सव भवन स्थानीय लोगों के लिए उपहार है। इससे उन्हें अपने समारोहों को मनाने के लिए एक अच्छा स्थान मिलेगा। इसका निर्माण कार्य जल्द पूरा किया जाएगा। इसके बाद विधायक ने ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि आशुतोष पांडेय व बीडीओ सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व आम लोगों के साथ सीताद्वार झील की सफाई भी की।



उत्सव भवन का भूमि पूजन करते विधायक, डीएम व सीडीओ। अमृत विचार

### प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ समापन

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर भिनगा में भारती एयरटेल फाउंडेशन व शिक्षा विभाग की संयुक्त रूप से दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें गिलौला व हरिहरपुर रानी ब्लॉक के चयनित 25 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों व एसएमसी सदस्यों को बीएसए ने संस्था के सहयोग से विद्यालयों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान बीएसए अजय कुमार ने फाउंडेशन के स्टेट हेड बृजेश भारद्वाज के साथ चयनित विद्यालयों को दी जा रही वेलकम किट भी देखा। कार्यशाला के माध्यम से विद्यालय की विभिन्न चुनौतियों का सामना करते हुए विद्यालय को किस प्रकार और उन्नत बनाएं इस पर चर्चा एवं स्वॉट एनालिसिस के माध्यम से योजना तैयार की गई। कार्यशाला के समापन पर समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान अजीत उपाध्याय, बीईओ फूलचंद्र मौर्य एवं सतीश कुमार ने प्रधानाध्यापकों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस मौके पर प्रशिक्षक आरिफ अहमद सिद्दीकी, सिल्की भाटिया, अभिषेक पांडेय, राजन सिंह, अस्तित्व त्रिपाठी, शशिरंजन, पूनम यादव सहित प्रधानाध्यापक व पदाधिकारी रहे।



कार्यशाला में मौजूद बीएसए, प्रशिक्षक व प्रधानाचार्य।

### प्रधानाध्यापकों को किया गया सम्मानित

**पयागपुर बहराइच (अमृत विचार)।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह के संयोजन तथा वित्त एवं लेखा अधिकारी वीरेश कुमार वर्मा के द्वारा सरस्वती माता के चित्र पर माल्यार्पण करने के बाद निपुण विद्यालय शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। बतौर मुख्य अतिथि वित्त एवं लेखा अधिकारी वीरेश कुमार वर्मा ने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें जिससे उनको शत-प्रतिशत संप्राप्ति हो, यही निपुण विद्यालय की रूपरेखा है, निपुण विद्यालय बनने से विकासखंड निपुण बनेगा, तदोपरांत जिला भी निपुण जिला घोषित होगा। परियोजना के आदेश और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान बहराइच के डीएलएड प्रशिक्षु द्वारा निपुण आकलन किया गया, जिसमें निपुण हुए विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को उत्थान आडिटोरियम कपूरथला बहराइच में सम्मानित किया गया। निपुण विद्यालय सम्मान समारोह का संचालन पयागपुर के शिक्षक राजेश कुमार मिश्र ने किया, अपने उद्बोधन में राजेश कुमार मिश्र ने कहा कि निपुण विद्यालय बनाने में सभी शिक्षकों का योगदान है निश्चित तौर पर अगले सत्र में हमारा जनपद भी निपुण घोषित होगा, समारोह में बृजेश कुमार तिवारी, विज्ञान समन्वयक डॉ नन्द कुमार शुक्ल ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम का आयोजन जिला समन्वयक निपुण संतोष कुमार सिंह, जिला समन्वयक समेकित लाल जी दुबे, यूडायस प्रभारी इसरार अहमद, राकेश कुमार मौर्य, डॉ विनय कुमार अवस्थी, अनूप कुमार मिश्र, पयागपुर राजेश कुमार मिश्र, रंजना पीटर्स, अनिल सिंह विसेन, अमित चहर, प्रदीप तिवारी, आदित्य विद्यार्थी, हरि ओम गौड़, महेश कुमार, विजय कुमार सरोज को भी प्रधानाध्यापक के रुप में निपुण विद्यालय प्रधानाध्यापकों के साथ सम्मानित किया गया।




समारोह में सम्मानित किए गए प्रधानाचार्य।

## फूलमती माता मंदिर की महिमा निराली, भक्तों ने किया पूजन

पयागपुर (बहराइच)

**अमृत विचार।** पयागपुर के बघेल झील के सुरम्य तट पर स्थित माता फूलमती का मंदिर आस्था का केंद्र है। वर्ष के 12 माह भक्तों से गुलजार रहने वाले इस दिव्य मंदिर पर नवरात्र के दिनों भक्ति की अनूठी तस्वीर देखने को मिलती है। मनोवांक्षित फल देने वाली माता के मंदिर पर कार्तिक पूर्णिमा पर विशाल मेला लगता है। हर दिन यज्ञ, हवन-पूजन आदि अनुष्ठान से माता रानी का दरबार भक्तिरस की अनुपम छटा बिखेरता है। नवरात्र की अष्टमी के दिन जनपद के साथ अन्य जिलों के भक्तों ने मां का पूजन करके सुख-समृद्धि की कामना की।

बता दें कि ताल बघेल झील के मनोरम तट पर वन रेंज कार्यालय स्थित माता के मंदिर की महिमा अनुपम व निराली है। भक्त पुरुषोत्तम माहेश्वरी के अनुसार घने जंगल के बीच पिडी रूप में होने का संकेत माता फूलमती ने एक वनकर्मी को स्वप्न में दिखाया। इस स्थान की सफाई की गई तो पिंडी रूप में मातारानी नजर आई। उसी दिन से वनकर्मी नित्य पूजन-अर्चन करने लगा। धीरे-धीरे लोगों की आस्था बढ़ती गई और जन सहयोग से मंदिर का निर्माण हुआ। सैकड़ों वर्ष पुराने मंदिर का जीर्णोद्धार वर्ष 1995 में हुआ। परिक्रमा मार्ग, हवन कुंड के साथ शेर पर सवार माता रानी की दिव्य प्रतिमा स्थापित की गई। ऐसी मान्यता है कि सच्चे मन से मांगी गई हर मनोकामना मातारानी पूरा करती हैं। माता फूलमती का मंदिर घने जंगलों से घिरा होने के बावजूद हिंसक पशुओं ने किसी भक्त का अहित नहीं किया। कार्तिक पूर्णिमा के दिन परिसर में विशाल मेला लगता है, जिसमें सुदूर क्षेत्र के भक्तों का जमावड़ा होता है। मंदिर में दर्शन करने पहुंचे भक्त पुरुषोत्तम माहेश्वरी ने बताया कि चैत्रमास की नवरात्र पर मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन भक्तों के सहयोग से किया जाता है। शारदीय नवरात्र में नित्य प्रति पूजन आरती के साथ नवमी के दिन कन्याभोज का आयोजन होता है।

वहीं पुजारी लल्लन मिश्रा ने बताया कि भक्तों के दर्शन-पूजन के लिए मंदिर का पट सुबह छह बजे खोला जाता है। नवरात्र में मंदिर पर आयोजनों की घूम रहती है। शाम को महाआरती होती है। फूलमती माता दुखों का नाश कर भक्तों को मनोवांछित फल देने वाली हैं।

आस्था




मां के पूजन को लगी भक्तों की भीड़।



पुरुषोत्तम माहेश्वरी।



लल्लन मिश्रा, पुजारी।

सख्ती

### उपलब्धियों पर आधारित विकास पुस्तिका का प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने किया विमोचन

# प्रदेश की अर्थव्यवस्था में गुणात्मक वृद्धि हुई : कृषि मंत्री

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह के अन्तिम दिन कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता से पूर्व प्रदेश के कृषि मंत्री व प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने अन्य नेताओं व अधिकारियों के साथ प्रदेश सरकार की 9 वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित पुस्तिका का विमोचन किया। इस दौरान कृषि मंत्री बोले कि मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश की अर्थव्यवस्था में भी गुणात्मक वृद्धि हुई है।

कार्यक्रम में वार्ता करते हुए प्रभारी मंत्री ने उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की सेवा के संकल्प के 09 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेशवासियों का आभार ज्ञापित किया। कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के साथ सुरक्षा, सुशासन और विकास की नई यात्रा में मुख्यमंत्री के नेतृत्व ने आज उत्तर प्रदेश नए भारत के नए उत्तर प्रदेश के रूप में देश के सामने एक मॉडल के रूप में उभरा है। प्रदेश की अर्थ व्यवस्था में भी गुणात्मक वृद्धि हुई है। प्रदेशवासियों की आय में 03 गुना वृद्धि हुई है। वर्ष 2029-30 तक उत्तर प्रदेश की अर्थ व्यवस्था को वन ट्रिलियन डालर बनाये जाने का लक्ष्य है।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि बीते 09 वर्ष में उत्तर प्रदेश ने अराजकता से व्यवस्था, निराशा से विश्वास, बीमारू से विकासशील की ऐतिहासिक यात्रा तय की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्णायक, पारदर्शी और परिणाममुखी नेतृत्व के परिणामस्वरूप आज पूरा देश हमारे राज्य उत्तर प्रदेश को देख रहा है, सीख रहा है, प्रेरणा ले रहा है। कानून का राज, पारदर्शी नीति व प्रशासन, अंतिम व्यक्ति तक लाभ की गारंटी के कारण उत्तर प्रदेश मात्र घोषणाओं का नहीं, बल्कि परिणामों का प्रदेश के रूप में पहचाना जाता है। योगी सरकार द्वारा अपनाई गई ज़ीरो टालरेन्स नीति के कारण नो कर्फ्यू, नो दंगा, यूपी में सब चंगा है। माफियाओं का प्रदेश आज महोत्सव प्रदेश के रूप में जाना जा रहा है, आज बच्चों के हाथ में टैबलेट और स्मार्टफोन है जिसके सहारे वे अपने भविष्य का निर्माण कर रहे हैं।

प्रभारी मंत्री श्री शाही ने कहा कि कृषि एवं किसान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रदेश में खाद्यान्न उत्पादन 557 लाख मी.टन से बढ़कर वर्तमान में 737 लाख मी.टन हो गया जो कि देश में सर्वाधिक है। गन्ना मूल्य भुगतान की बात की जाये तो प्रदेश सरकार द्वारा 09 वर्षों में रू. 3.15 लाख करोड़ से अधिक गन्ना मूल्य का भुगतान कृषकों को किया गया है।

कार्यक्रम के दौरान विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, विधायक सदर अनुपमा जायसवाल, नानपारा के राम निवास वर्मा, एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, पूर्व सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, अपना दल के जिलाध्यक्ष गिरीश पटेल, विधायक बलहा श्रीमती सरोज सोनकर के प्रतिनिधि आलोक जिंदल, सहित अन्य जनप्रतिनिधि व पार्टी पदाधिकारी, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र आदि लोग शामिल रहे।



प्रदेश सरकार की 9 वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित पुस्तिका का विमोचन करते कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व मौजूद अन्य लोग। अमृत विचार

### अनियंत्रित हो पलटी बाइक, सवार घायल

**श्रावस्ती।** मल्हीपुर थाना क्षेत्र में तिलक समारोह में शामिल होने जा रहे एक युवक की बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भिनगा रेफर किया गया है। बहराइच जिले के थाना नवाबगंज के सेमरा गांव निवासी सत्यम वर्मा (22) पुत्र बहोरी वर्मा बुधवार देर शाम तिलक समारोह में शामिल होने झिरझिवा के मजरा बधनी जा रहा था। जैसे ही वह बाइक लेकर कलकलवा गांव के पास पहुंचा, तभी बाइक अनियंत्रित हो मार्ग पर पलट गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने निजी साधन से उसे सीएचसी मल्हीपुर पहुंचाया। जहां से चिकित्सक ने हालत गंभीर होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद उसे संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा रेफर कर दिया।

### नव निर्माण के नौ वर्ष कार्यक्रम का समापन

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने पर नौ दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा था। जिसका गुरुवार को एडीएम अमरेन्द्र कुमार वर्मा, एसडीएम प्रवीण यादव, रवेन्द्र कुमार व डीडीएजी सुरेन्द्र चन्द्र चौधरी ने समापन किया। इस दौरान कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के नौ वर्षो के कार्यकाल पर आधारित लघु फिल्म का प्रसारण किया गया। एडीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार ने नौ वर्षों में गरीब, वंचित व पत्रों को योजनाओं से जोड़कर उन्हें मुख्यधारा में लाने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना सहित कई योजनाओं का लाभ सीधे पात्र लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। विभिन्न बैंकिंग व स्वरोजगार योजनाओं के माध्यम से लोगों को आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इससे पूर्व एडीएम ने ईओ भिनगा डॉ अनीता शुक्ला के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना के 35 तथा स्वनिधि योजना के 35 लाभार्थियों को आवास की चाबी व ऋण स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस दौरान कई जनप्रतिनिधि, जिलास्तरीय अधिकारी व काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



लाभार्थी को आवास की चाबी प्रदान करते एडीएम।

